हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 13 मई 2024

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया

**तापमान**

अधिकतम 40.6 डिग्री

न्यूनतम 25.6 डिग्री



सिम्स में आज शेड बंद कर दिया गया। जिसके चलते मरीजों के परिजन गंदगी के बीच खाना बनाते हुए।

**खबर संक्षेप**

### प्रचार करने कौशिक आज जाएंगे झारखंड

**बिलासपुर।** झारखंड राज्य के जमशेदपुर लोकसभा में चुनाव प्रचार करने 13 मई को पूर्व



विधानसभा अध्यक्ष धरम लाल कौशिक रवाना होंगे। वे सुबह 10 बजे बिलासपुर रेलवे स्टेशन से दुरंतो एक्सप्रेस से टाटा नगर के लिए प्रस्थान करेंगे। श्री कौशिक यहां भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो के समर्थन में वोट मांगने प्रचार करेंगे। इस संसदीय सीट पर छठवें चरण में 25 मई को मतदान होना है।

### यूजीसी- नेट के लिए रजिस्ट्रेशन डेट बढ़ी




**बिलासपुर।** यूजीसी नेट जून 2024 सेशन के एग्जाम की रजिस्ट्रेशन डेट बढ़ा दी गई है। अब इस एग्जाम के लिए 15 मई तक रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इससे पहले तक एग्जाम के लिए आवेदन करने की आखिरी डेट 10 मई थी। कैंडिडेट्स एनटीए यूजीसी की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन के बाद फीस सबमिट करने के लिए 16 मई रात 11:59 बजे तक का समय है। इस फीस का पेमेंट क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग या यूपीआई के जरिए कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन और फीस सबमिट होने के बाद करेक्शन विंडो 18 मई को शुरू होगी। फॉर्म में रजिस्ट्रेशन के दौरान जो गड़बड़ियां हों, उनमें 20 मई तक सुधार कर सकते हैं। यूजीसी नेट जून 2024 सेशन के लिए परीक्षा 16 जून को होगी। परीक्षा का ड्यूरेशन 180 मिनट का होगा। इस बार यह एग्जाम पेन पेपर (ओएमआ) मोड में होगा। इस टेस्ट में दो पेपर होंगे। दोनों टेस्ट में ऑब्जेक्टिव टाइप - मल्टीप्ल टाइप क्वेश्चन सॉल्व करने होंगे। दोनों पेपर के बीच में कोई ब्रेक नहीं होगा।

### मेंटनेस के नाम पर घंटों गुल हो रही बिजली



**बिलासपुर।** गर्मी के बीच एक बार फिर बिजली विभाग मेंटेनेंस के नाम पर बिजली की कटौती शुरू कर दी है। रविवार को सकरी क्षेत्र में लगभग 4 घंटे तक बिजली बंद थी। इसके चलते गर्मी और उमस से लोगों का बुरा हाल हुआ। इसी तरह तिफर के यदुनंदन नगर इलाके में भी तकरीबन 1 घंटे तक बिजली बंद रही। बिजली विभाग अब बारिश से पहले एक बार फिर प्री-मानसून मेंटेनेंस के नाम पर शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में बिजली बंद कर रही है। ऐसे में सड़कों के किनारे लगे पेड़ों की डंगाली छाटने के अलावा कोई खास काम नहीं किया जा रहा है। बसरों पुराने बिजली के तार भी नहीं बदलते जबकि हर साल चार से पांच बार मेंटेनेंस के नाम पर सप्ताहभर के लिए अलग-अलग क्षेत्र में बिजली बंद की जा रही है। विभाग ने एक बार फिर मेंटेनेंस का खेल शुरू कर दिया है। ऐसे में रविवार को सरकारी क्षेत्र में घंटो बिजली बंद की गई।

### 40.6 डिग्री रहा शहर का अधिकतम तापमान

सप्ताभर से भले ही मौसम में नमी देखने को मिल रही है। लेकिन अब एक बार फिर धीरे-धीरे पारा बढ़ते लगा है। रविवार को बिलासपुर का अधिकतम तापमान 40.6 डिग्री रहा वहीं न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री रहा। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि एक दो दिन अभी तापमान ऐसे ही रहने वाले है। इसके बाद फिर से तापमान में वृद्धि का क्रम शुरू होगा।

# शिकारियों की करतूत, अचानक खामोश हो गई सबको आगाह करने वाली आवाज

## गनियारी के पास जलाशय में ठहरे हैं प्रवासी पक्षी, पूरे इलाके में सक्रिय हैं शिकारी, पक्षियों को बचाने का नहीं किया जा रहा है प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रवासी पक्षियों का डेरा बने गनियारी के शिवसागर तालाब से लेकर मोहनभाठा और घोंघा जलाशय तक शिकारी सक्रिय हो गए हैं। ये शिकारी प्रवासी पक्षियों का शिकार कर रहे हैं, दूसरी ओर इन पक्षियों को बचाने का कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। हाल ही में गनियारी के जलाशय में कई पक्षी मृत अवस्था में दिखे हैं, इनमें वे रेड वाटेल्ड लापिंग या टिटिहरी सहित अन्य पक्षी शामिल हैं।

टिटिहरी आसपास के खतरे या इंसानी आहट मिलने पर अपनी आवाज से सभी को चौकन्ना करती है, परन्तु यह आवाज आज खामोश हो गई। यहां दो स्थानों पर टिटिहरी मृत अवस्था में दिखी। इसी तरह यहां एक बगुला भी मरा हुआ दिखा है। वर्तमान में लगातार बादल छाने और बीच बीच में बारिश होने के कारण गर्मी इतनी अधिक नहीं पड़ रही है, जिससे पक्षियों की मौत हो जाए। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि इस क्षेत्र में प्रवासी पक्षियों का शिकार करने वाले सक्रिय हो गए हैं। दरअसल गनियारी का शिवसागर जलाशय इस साल प्रवासी और स्थानीय पक्षियों की सबसे पसंदीदा जगह बना रहा है। वर्ष 2024 में जनवरी से अब तक शिवसागर जलाशय में बार हीडेड गूस, व्हिस्कर्ड टर्न, स्पाटेड रेडशेंक, ग्रेटर सैंड प्लोवर, रडी शेल्डक, कामन ग्रीनशैंक और लिटिल टर्न जैसे कई प्रवासी पक्षियों ने अपना समय व्यतीत किया है। वर्तमान में कुछ पक्षी रुके हुए ।





### यूरिया डाले जाने की आशंका

इस संबंध में पक्षी विशेषज्ञ मोहित साहू से चर्चा की गई, उनका मानना है कि तालाब के कुछ हिस्से में यूरिया जैसी जहरीली वस्तु मिलाई गई होगी। चूंकि यूरिया ठोस होता है लिहाजा जिस जगह डाला गया होगा उसके कुछ दूर तक का पानी दूषित होगा। सम्भवतः मृत पक्षियों ने उसी हिस्से का पानी पिया हो जिसके चलते उनकी मौत हुई।

### कई जगह ठहरते हैं प्रवासी पक्षी

बिलासपुर जिले में अनेक स्थान हैं जहाँ देशी-विदेशी पक्षी आते हैं। प्रवासी और स्थानीय पक्षियों के संरक्षण, सुरक्षा के लिए वन महकमे के जिम्मेदार अफसरों से पर्यावरण प्रेमियों द्वारा मांग की जाती है, परन्तु अफसर इस ओर ध्यान नहीं देते हैं। पक्षियों का शिकार कोई नया खेल नहीं, कोटा के घोंघा जलाशय से लेकर मोहनभाठा तक और गनियारी के शिवसागर जलाशय से लेकर कोपरा तक शिकारी सक्रिय हैं। शिवसागर तालाब में पक्षियों की मौत के पीछे भी शिकारी होने की आशंका जताई जा रही है। इस तालाब और उसके आस -पास मुरुम के अवैध उत्खनन की खदान है।

## पंचर, वेल्डिंग दुकान की आड़ में मवेशी व गांजा की कर रहे थे तस्करी

# यूपी के गैंगस्टर, खूंखार अपराधी सहित 10 गिरफ्तार, पिस्टल, जिंदा कारतूस जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

टायर पंचर, वेल्डिंग दुकान की आड़ में मवेशी व गांजा तस्करी करने वाले यूपी के गैंगस्टर, खूंखार अपराधी सहित 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से 1 देशी आटोमेटिक पिस्टल, दो कट्टा, जिंदा कारतूस, दो कार, दो ट्रक, 26 हजार रुपए नकद रकम, मोबाइल जब्त किया गया है।

एसपी रजनेश सिंह ने बताया कि शनिवार को मुखबिर से सूचना मिली हिर्री थाना क्षेत्र के ग्राम बेलमुंडी गौटिया ढाबा के पास एक यार्ड के मकान में दूसरे प्रदेश के लोग रह रहे हैं। वे दिखावा करने के लिए टायर पंचर, वेल्डिंग की दुकान खोलकर काम कर रहे हैं। उनके पास पिस्टल, कट्टा, चापड़, चाकू है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए एडीशनल एसपी उमेश कश्यप, एसीसीयू एएसपी अनूज कुमार के नेतृत्व में चकरभाठा सीएसपी निमेतेष कुमार, डीएसपी ठाकुर गौरव सिंह, हिर्री टीआई किशोर केंवट, चकरभाठा टीआई दमोदर मिश्रा, एसीसीयू प्रभारी राजेश मिश्रा, बिल्टा टीआई नरेश चौहान व स्टाफ ने अलग अलग चार टीम बनाकर घेराबंदी करते हुए यार्ड के मकान में दबिश देकर 10 लोगों को पकड़ लिया। उनके पास से 1 देशी आटोमेटिक पिस्टल, दो कट्टा, जिंदा कारतूस, दो कार, दो ट्रक, 26 हजार रुपए नकद रकम, मोबाइल जब्त किया गया है। एक क्रेटा कार से 21 किलो गांजा बरामद किया गया है। पूछताछ में आरोपियों ने क्षेत्र में रहकर मवेशी व गांजा तस्करी करना स्वीकार किया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।



मामले की जानकारी देते एसपी रजनेश सिंह, नीचे आरोपियों से जब्त हथियार और अन्य सामाग्री।

**1 देशी आटोमेटिक कट्टा, 2 देशी कट्टा, जिंदा कारतूस, 7 चाकू, दो कार, दो ट्रक जब्त**



### 13 जिंदा व 1 खाली खोखा जब्त

खूंखार आरोपी हमेशा लोडेड पिस्टल व कट्टा अपने पास रखते थे। पुलिस ने छापा मारा तो आरोपियों ने लोडेड पिस्टल व कट्टा तान दिया था। सूझबूझ से आरोपियों को पकड़कर लोडेड कट्टा व पिस्टल बरामद किया गया है। उनके कब्जे से 13 जिंदा व 1 खाली खोखा बरामद किया गया है।

### पकड़े गए आरोपी

- जब्बार गौरी पिता मोहम्मद समीम 30 साल सडगोदली जनकुपरी सहारनपुर यूपी गैंगस्टर
- इमरान कुरैशी पिता यासीन खान 50 साल मसानगंज महिला थाना रोड
- विनोद कुमार धृतलहरे पिता नीलकंठ 38 साल मेड़पार हिर्री
- तरसेम लाल भगत पिता जनकराज भगत 38 साल परसोड़ी भंडारा महाराष्ट्र
- अजमेरी पिता कमरूद्दीन 27 साल चांदापुर गोगनीपुर कानपुर यूपी
- मो. फरमान पिता मोहम्मद इलयास 27 साल लखनौती सहारनपुर यूपी
- वाजिद कुरैशी पिता मो. मुस्तफा 22 साल लखनौती गंगोह सहानपुर यूपी
- साकिब कुरैशी पिता मुस्तफा कुरैशी 21 साल लखनौती गंगोह सहारनपुर यूपी
- नवील खान पिता खलील खान 20 साल लखनौती गंगोह सहारनपुर यूपी
- दानिश कुरैशी पिता मो.नियाजू 20 साल लखनौती गंगोह सहारनपुर यूपी

### पिस्टल व कट्टा तानकर भागने की कोशिश

पुलिस के आने की भनक लगते ही कुछ आरोपी पिस्टल, कट्टा तानकर कार से भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस अधिकारियों ने जान जोखिम में डालकर चारो ओर से घेराबंदी करते हुए आरोपियों को पकड़ लिया है।

### खूंखार आरोपी सद्दाम ने दिया था हथियार

सूत्रों के मुताबिक पकड़े गए यूपी के आरोपियों से हथियारों का जखीरा बरामद किया गया है। पूछताछ में आरोपियों ने सद्दाम नामक खूंखार अपराधी के द्वारा उक्त हथियार उपलब्ध कराने की जानकारी दी है। उसके ही इशारे पर पकड़े गए आरोपी यहां मवेशी व गांजा तस्करी की काम कर रहे थे।

### 4 साल से कर रहे थे अवैध धंधा

पकड़े गए आरोपियों में अधिकांश आरोपी उत्तर प्रदेश सहारनपुर, मुज्जफरनगर, कानपुर के गैंगस्टर, हत्या, डकैती के आरोपी है। पहले लाकडाउन के दौरान सभी आरोपी यहां आकर छिप गए थे। पहचान छिपाने व लोगों की आंख में धूल झोंकने टायर पंचर, वेल्डिंग दुकान खोलने के अलावा ईंट भट्ठा में काम कर रहे थे। इसके अलावा विगत चार साल से आरोपी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर मवेशी व गांजा की तस्करी कर रहे थे। आरोपियों के पकड़े जाने की जानकारी यूपी पुलिस को दी जाएगी।

### यूपी के खूंखार अपराधियों से संबंध

बताया जाता है पकड़े गए आरोपियों का यूपी के खूंखार अपराधियों से संबंध है। उनके ही इशारे में अपराधी यहां छिपकर अवैध कारोबार कर रहे थे। एसपी श्री सिंह ने बताया, आरोपियों से इस संबंध में पूछताछ की जा रही है। जानकारी होने पर यूपी पुलिस को अवगत कराया जाएगा।

### स्थानीय लोगों के शामिल होने आशंका

यूपी के खूंखार अपराधी यहां विगत 4 साल से छिपकर मवेशी व गांजा की तस्करी कर रहे थे। उक्त अपराधी स्थानीय लोगों के सहयोग से यहां अवैध कारोबार संचालित कर रहे हैं। एसपी श्री सिंह ने कहा स्थानीय लोगों की पतासाजी कर उनके खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

# मवेशी तस्करों को संरक्षण देने वाला आरक्षक निलंबित

## सीएसपी करेंगे मामले की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसपी ने आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता पाए जाने पर सिरगिट्टी थाने के आरक्षक को निलंबित कर दिया है। उसके खिलाफ सीएसपी प्रारंभिक जांच कर रिपोर्ट पेश करेंगे। खबर है कि पकड़े गए यूपी के खूंखार मवेशी तस्करों से उसका संबंध था और उसके द्वारा उन्हें संरक्षण देना पाया गया है।

रविवार को एसपी रजनेश सिंह ने सिरगिट्टी थाना में पदस्थ आरक्षक बबलू बंजारे को आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता पाए जाने पर निलंबित कर दिया है। उसके खिलाफ सरकण्डा सीएसपी को प्रारंभिक जांच कर रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया गया है। रिपोर्ट के आधार पर आरक्षक के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक, पकड़े गए यूपी के खूंखार मवेशी तस्करों से उसका लगातार संपर्क था। उसके ही इशारे पर तस्कर जिले से मवेशी की तस्करी करते थे। ज्ञात हो कि पूर्व मवेशी तस्करी के मामले में सकरी थाने में उक्त आरक्षक के खिलाफ के खिलाफ जुर्म दर्ज हुआ था। उक्त मामले में उक्त आरक्षक की गिरफ्तारी नहीं की गई थी। इसके अलावा भी उक्त आरक्षक के खिलाफ जिले के अन्य थाने में अन्य प्रकरणों में मामला दर्ज हैं। उक्त आरक्षक लंबे समय से जिला में अवैध कारोबार करने वालों को संरक्षण देने का काम कर रहा था।

### एक अधिकारी का प्रश्रय

निलंबित आरक्षक बबलू बंजारे सिरगिट्टी थाने में पोस्टिंग कराने के बाद पुलिस लाइन में गाड़ी चलाने का काम कर रहा था। बताया जाता है उक्त आरक्षक को जिले के बड़े अधिकारी का संरक्षण मिला हुआ था। उक्त आरक्षक का लंबे अरसे उक्त अधिकारी के बंगले में आना जाना था।

### निलंबित किया गया

आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता पाए जाने पर सिरगिट्टी थाने में पदस्थ एक आरक्षक को निलंबित किया गया है। सरकण्डा सीएसपी को उसके खिलाफ प्रारंभिक जांच कर रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया गया है।

- रजनेश सिंह, एसपी

### एक आरक्षक को भेजा गया लाइन

एएसपी अर्चना झा ने बताया, रतनपुर थाने में पदस्थ आरक्षक दीपक मरावी ने लोकसभा चुनाव में सक्रिता दिखाते हुए अच्छा कार्य किया है। आरक्षक ने रतनपुर थाना प्रभारी से शहर के थाने में कार्य करने की इच्छा जाहिर की। रविवार को थाना प्रभारी के कहने पर एसपी ने मौखिक आदेश पर पुलिस लाइन भेजा गया है। आने वाले समय में आरक्षक की शहर के थाने में पोस्टिंग की जाएगी।

## ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्री परेशान

# एक्सप्रेस-सुपरफास्ट ट्रेन भी 15 से 20 घंटे लेट

## रेलवे की ट्रेनबंदी के बाद अब देरी और भीड़भाड़ से जूझ रहे यात्री, घंटों प्लेटफार्म में कर रहे इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ट्रेन की लेटलतीफी से कोरोना काल से यात्री हलाकान हैं। इसी तरह ट्रनों काम के नाम पर लगातार रेलवे कई यात्री ट्रेनों को भी रद्द कर रही है, जिसके चलते बचे हुए ट्रेनों में भीड़ बढ़ गई है। रिजर्वेशन तक नहीं मिल पा रहा है।

इधर लंबी दूरी तक चलने वाली ट्रेनों के साथ ही एक्सप्रेस ट्रेनें भी 15 से 20 घंटे तक देर से स्टेशन पहुंच रही हैं। इसके चलते यात्री समय पर अपने गंतव्य पर नहीं पहुंच पा रहे हैं। आजाद हिंद से लेकर मुंबई-हावड़ा मेल, ज्ञानेश्वरी सुपरफास्ट, हमसफर सहित कई एक्सप्रेस ट्रेन 4 से 6 घंटे देर से बिलासपुर स्टेशन पहुंच रही हैं। ऐसे में यात्री गर्मी के बीच स्टेशन के प्लेटफार्म में गर्मी से जुझते हुए घंटों ट्रेनों का इंतजार करते नजर आ रहे हैं।



### सूरत एक्सप्रेस 22 घंटे देर से पहुंची

इन दिनों जोन से गुजरने वाली हर यात्री ट्रेन देर से आ रही है। रविवार को सूरत एक्सप्रेस ने लेटलतीफी के सारे रिकार्ड तोड़ दिए और 22 घंटे देर से पहुंची, इस ट्रेन को सुबह 8 बजे स्टेशन पहुंचना था, लेकिन दूसरे दिन सुबह 6 बजे ये बिलासपुर स्टेशन पहुंची, इसी के साथ ही छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस 8.27 घंटे, इतवारी एक्सप्रेस 3 घंटे, दरभंगा एक्सप्रेस 6.07 घंटे, उत्कल एक्सप्रेस 6.56 घंटे और जोधपुर सुपरफास्ट 47 मिनट देर से स्टेशन पहुंची।

# चोरी के 3 लाख के टायर सहित पिकअप जब्त, 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शिवम मोटर्स से टायर चोरी करने वाले 4 युवकों को पकड़ लिया है। उनके पास से 3 लाख 30 हजार के 11 नग टायर व वारदात प्रयुक्त पिकअप बरामद किया गया है। पुलिस युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

ज्ञात हो पूर्व में सिरगिट्टी क्षेत्र के शिव मोटर्स से 11 नग टायर चोरी हो गई थी। पुलिस अपराध कायम कर पतासाजी में लगी हुई थी। मुखबिर की सूचना पर टीआई भारती मरकाम, केशव मार्को, विरेन्द्र राजपूत, मनोज राजपूत ने घेरांबदी करते हुए नीतिश कुमार साहू पिता पल्टूराम साहू 26 साल पचपेड़ी , अनिरूद्ध कुमार साहू पिता विशालराम साहू 32 साल गोदैया रतनपुर, बबलू रात्रे पिता खेदराम रात्रे 32 साल पचपेड़ी, अनिल कुमार सोनवानी पिता कन्हैयालाल सोनवानी 33 साल मुलमुला जांजगीर निवासी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर चारों ने टायर चोरी करना स्वीकार कर लिया। उनकी निशानदेही पर चोरी गए 11 नग टायर व वारदात में प्रयुक्त पिकअप बरामद कर लिया है। पुलिस ने युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

# ओटीपी पूछकर 1 लाख की आनलाइन ठगी

**बिलासपुर।** ओटीपी पूछकर एक युवक से 1 लाख 28 हजार की आनलाइन ठगी कर ली गई है। पचपेड़ी पुलिस के अनुसार, ग्राम जलसो निवासी दिलीप कुमार बर्मन की बलौदाबाजार के बैंक में खाता है और उन्होंने क्रेडिट कार्ड




लिया हुआ है। 10 अप्रैल को उनके मोबाइल में अनजान मोबाइल नम्बर से फोन आया और क्रेडिट कार्ड में बोनस पाइंट आने की बात कहा गया। लालच में आकर श्री बर्मन ने उसे ओटीपी नम्बर बता दिया। उसके बाद उनके क्रेडिट कार्ड से 1 लाख 28 हजार की आनलाइन ठगी कर लिया गया है। पुलिस ने अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

12 MAY -BSP- pg-2_Layout 1 5/13/2024 12:33 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### परशुराम जयंती पर निकली शोभायात्रा अखिलेश ने विप्रजन का किया सम्मान




**बिलासपुर।** परशुराम जयंती पर शनिवार को शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। इस अवसर पर जूना बिलासपुर में पूर्व एल्डरमैन अखिलेश गुप्ता द्वारा शोभा यात्रा में पधारे विप्रजनों का आत्मीय स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में राजेंद्र लाँजेवार, मूलचंद प्रजापति,अनुराग पांडेय आदि उपस्थित थे।

### सुंदरकांड से घर में सकारात्मक शक्तियों का होता है आगमनः ललित



**बिलासपुर।** वैशाख शुक्ल पंचमी शंकराचार्य जयंती, सूरदास जयंती, रामानुज जयंती व आंग्ल मातृ दिवस के पावन अवसर पर शुभमविहार मानस मंडली द्वारा श्रीमती नेहा हरेश पटेल के शुभमविहार स्थित निवास पर सतत साप्ताहिक सुंदरकांड के 82वें आयोजन में सुंदरकांड पाठ का भक्तिमय आयोजन किया गया। इसमें नरेन्द्र गोपाल, आरपी मिश्रा, प्रमोद अवस्थी, राजेश शर्मा, ललित अग्रवाल, उमेश पांडेय, भूपेंद्र यादव, ईश्वर तिवारी, राजेश शुक्ला, आकाश शर्मा, बाबू भाई पटेल, हरेश पटेल,दमयंती बेन, प्रेरणा पटेल, मुकेश पटेल, मनीषा, कंचन, मौली, वेदांत, हनी, धार्मी पटेल, संगीता पांडेय, नेहा पटेल सहित बड़ी सँख्या में धर्मनिष्ठ श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस अवसर पर ललित अग्रवाल ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि हनुमान जी से जुड़ा कोई भी मंत्र या पाठ अन्य किसी भी मंत्र से अधिक शक्तिशाली होता है। हनुमान जी अपने भक्तों को उनकी उपासना के फल में बल और शक्ति प्रदान करते हैं। विशेष रूप से भक्तों द्वारा हनुमान जी को प्रसन्न करने अमूमन हनुमान चालीसा व सुंदरकांड का पाठ किया जाता है। हनुमान चालीसा बड़े-बूढ़ों से लेकर बच्चों तक को जल्दी याद हो जाता है। लेकिन हनुमान चालीसा के अलावा सुंदरकांड नियमित पाठ करने, सुनने वाले भक्त की समस्त मनोकामना जल्द पूर्ण हो। सुंदरकांड का 83 वां पाठ 19 मई रविवार को राजेश शर्मा व उमेश पांडेय के निवास पर संपन्न होगा।

### विवाह,छट्ठी-दशगात्र में शराब सेवन व मांसाहार पर प्रतिबंधःराजपूत समाज



**बिलासपुर।** राजपूत क्षत्रिय समाज 3738 बिलासपुर परिक्षेत्र के मंगला इकाई की बैठक गंगा नगर में रखी गई। इसमें समाज के सदस्यों ने निर्णय लिया कि समाजिक कार्यक्रम में शराब सेवन कर लोग विवाद की स्थित निर्मित करते हैं। शादियों में अकसर शराबियों द्वारा लड़ाई-झगड़े किए जाते हैं। खुशी के साथ दुख के काम दशगात्र में भी शराब सेवन कर विवाद उत्पन कराते हैं। ऐसे में सदस्यों ने निर्णय लिया कि विवाह,छट्ठी,दशगात्र के साथ ही अन्य सामाजिक कार्यक्रम में शराब सेवन के साथ ही मांसाहार पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया जाएगा। इसके साथ ही विवाह में जूता चोर करने की जो प्रथा आधुनिक युग में शुरू हो गई है। इसके कारण भी आपसी रिश्ते में दरार पड़ने लगे हैं। ऐसे में शादी में जूता चोरी करने की रिती को बंद किया जाएगा। सदस्यों ने महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने महिला संगठन गठन करने का निर्णय लिया है। इस दौरान बैठक में इकाई अध्यक्ष संतोष सिंह ठाकुर, तुलसी सिंह ठाकुर, सुभाष सिंह राजपूत, सूर्यप्रताप सिंह,धरम सिंह, राहूल सिंह, गौकरण सिंह, नरेश सिंह, दिनेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

### बाबा हरदेव सिंह की स्मृति में समर्पण दिवस आज, होंगे विशेष सत्संग

**बिलासपुर।** बाबा हरदेव सिंह की स्मृति में 'समर्पण दिवस' का आयोजन सोमवार 13 मई को सायं 6 से रात्रि 8 बजे तक संत निरंकारी सत्संग भवन इमलीपारा में किया गया है। इसमें सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज की कृपा से विशेष सत्संग कार्यक्रम होगा। इसमें बिलासपुर एवं आसपास क्षेत्रों के समस्त निरंकारी परिवार एवं श्रद्धालुगण सम्मिलित होकर बाबा हरदेव सिंह के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। ज्ञात हो कि बाबा हरदेव सिंह ने सतगुरु रूप में 36 वर्षो तक निरंकारी मिशन की बागड़ोर संभाली। उनके अथक प्रयासों का ही सकारात्मक परिणाम है कि मिशन विश्व के प्रत्येक महाद्वीप में 60 राष्ट्रों तक पहुंच चुका है जिसमें राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर संत समागम, युवा सम्मेलन एवं समाज की कल्याणकारी सेवाओं का आयोजन निरंतर हो रहा है। उनके अमूल्य योगदान के फलस्वरूप मिशन को विश्व स्तर पर ख्याति के साथ ही अनेक पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया।

### टेंट व्यवसायी संघ ने दी श्रद्धांजलि



**बिलासपुर।** टेंट व्यवसायिक संघ के सदस्य गौतम टेंट हाउस के संचालक संजय केसरवानी व नरेंद्र केसरवानी की माता राजकुमारी केसरवानी का स्वर्गवास हो गया। रविवार को इमली पारा स्थित केसरवानी भवन में मृत आत्मा की शांति के लिए छत्तीसगढ़ टेंट व्यवसायिक संघ ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ टेंट व्यवसायिक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह दुआ, महासचिव गुरदीप सिंह अजमानी, कोषाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ईचपुरानी, संरक्षक नरेंद्र सिंह सलूजा , सौरभ बंसल एवं टेंट व्यापारी संघ के सदस्यों ने 2 मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान की प्रार्थना करते श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संवेदना व्यक्त की।

## वन विभाग के लिए सफेद हाथी बन गया बिलासा ताल, कर्मचारियों को देने के लिए वेतन तक नहीं निकल रहा

# हर साल मेंटनेंस पर लाखों खर्च, फिर भी बदहाल है 'बिलासा ताल'

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोनी स्थित बिलासा ताल सालों से बदहाल है। वन विभाग द्वारा हर साल लाखों रूपए खर्च भी किया जा रहा है, लेकिन ताल में पर्यटकों का टोटा है। हालत यह है कि कर्मचारियों का वेतन तक नहीं निकल रहा है, ऐसे में विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान भी नहीं दे रहे हैं।

- पर्यटकों ने आना बंद कर दिया, विभाग भी नहीं दे रहा ध्यान

कोनी में स्थित बिलासा ताल सालों से उपेक्षित है। वन विभाग के लिए यह सफेद हाथी साबित हो चुका है। हर साल लाखों रूपए खर्च करने के बाद भी गिनती के पर्यटक ही पहुंच रहे हैं, साल गुजरने के साथ ही निर्माण कार्य भी ध्वस्त होने लगे हैं। विभाग ने झूले, गार्डन, परिवार के साथ घूमने-फिरने और पिकनिक बनाने के लिए जगह-जगह बैठने की व्यवस्था, बीच में सरोवर, काफी हाउस बनाया गया है लेकिन पर्यटक का टोटा होने के कारण अब लोगों ने यहां जाना भी बंद कर दिया है।

हाल यह है हर महीने लाखों रूपए खर्च किए जाते हैं, लेकिन आमदनी महज 30 से 40 हजार रूपए ही हो पाती है। पिछले एक माह से एक बार फिर इसे संवारने की कवायद करते हुए ताल के आसपास लाइटिंग की व्यवस्था की गई है, इसके साथ ही साफ सफाई पर ध्यान दिया जा रहे, जिससे कलेक्शन बढ़े हैं, लेकिन फिर भी विभाग मुनाफे की स्थिति में नहीं है।

### वन विभाग को हर महीने सिर्फ 30-40 हजार रुपए की होती है आमदनी





### निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा

बिलासा ताल को संवारने की कवायद की जा रही है, चुनाव के बाद इसमें निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। अभी फिलहाल लाइटिंग की व्यवस्था की गई है, जिससे पर्यटकों का आना बढ़ा है।

-**अभिनव कुमार**,एसडीओ, वन विभाग



### कैंटीन चलाने रूचि नहीं

बिलासा ताल को संवारने के लिए गेट के अंदर प्रवेश करते ही चार गुमटियां शासन की ओर से लगाई गई थी। इसके साथ ही 100 मीटर अंदर एक कैंटीन बनाई गई। कैंटीन में बैठने के लिए एक हॉल और एक किचन की सुविधा थी, लेकिन किराया अधिक होने और सैलानियों की संख्या कम होने के कारण कैंटीन को चलाने कोई भी नहीं आ रहा है।

### झूला बन गया है युवाओं के लिए

परिवार के साथ बिलासा ताल में पहुंचने वाले बच्चों के लिए गार्डन, खेलकूद के लिए मैदान और झूले भी लगाए गए, लेकिन विभाग का कार्य उल्टा पड़ गया।

## गंदगी और कचरे से पटा जोरापारा तालाब



जोरापारा तालाब की सफाई नहीं होने से इसके चारों ओर गंदगी और कचरा जमा हो रहा है। आसपास की नालियों का पानी भी इसमें जमा हो रहा है।

## एजुकेशन प्लस

### कल से चौकसे कालेज में ग्रीष्मकालीन शिविर

**बिलासपुर।** चौकसे कॉलेज ऑफ साइंस एंड कॉमर्स गर्मियों की छुट्टियों में 14 मई से 30 मई 2024 तक एक समर कैंप का आयोजन कर रहा है।

शिविर में छात्रों को कैरम, शतरंज, टेबलटेनिस, कंप्यूटर कक्षा, कला और शिल्प कक्षा, आभूषण बनाने की कक्षा, वाद्ययंत्र बजाना, नृत्य आदि जैसे कई विद्याओं और गतिविधियों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस शिविर में बिलासपुर के विभिन्न स्कूलों के कक्षा 12वीं के विद्यार्थी और चौकसे कॉलेज ऑफ साइंस एंड कॉमर्स के विद्यार्थी अपना पंजीयन कराकर भाग ले सकते हैं। रजिस्ट्रेशन 6 मई 2024 से शुरू हो चुका है। समर कैंप छात्रों के लिए बेहद फायदेमंद है। यह विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों में निरंतर संलग्नता के साथ नवीन अनुभव देता है। छात्र छात्राएं नए कौशल भी अपनाते हैं और कई मुद्दों पर अपना सामान्य ज्ञान विकसित करते हैं। समर कैंप नई चीज़ों को जानने या अपने पसंदीदा क्षेत्रों को गहराई से जानने और समझने का एक शानदार अवसर होता है। चौकसे कॉलेज ऑफ साइंस एंड कॉमर्स में वर्तमान में कई कोर्स चल रहे हैं जिसमें बीएससी बायो, बीएससी बायोटेक, बी.कॉम, बी.कॉम सी.ए, बीए, पीजीडीसीए, एमएससी बॉटनी, एमएससी जूलॉजी शामिल है। इसके अलावा इस सत्र 2024-25 से कॉलेज में बीए एलएलबी, बी.कॉम एलएलबी, एलएलबी बीसीए, बीबीए जैसे नए पाठ्यक्रम भी शुरू किए गए हैं। यहाँ पीएचडी वनस्पति विज्ञान का शोध केंद्र है जहां कई शोधार्थी शोध कर रहे हैं।

# एवीएम के 'वारियर करियर फेस्ट' में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा




**बिलासपुर।** आधारशिला विद्या मंदिर, सैनिक स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रम "वारियर करियर फेस्ट" का अंतिम दिन बहुत रोमांचक रहा। एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी गईं। मदर्स डे के दिन महिलाओं का सम्मान कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों ने फैंसी ड्रेस कॉम्पिटिशन में हिस्सा लिया। बच्चों ने अपनी वेशभूषाओं के माध्यम से धार्मिक, देशभक्त, सामाजिक, प्राकृतिक मुद्दों को जीवंत किया। सभी बच्चे अपने किरदारों में बहुत सुन्दर नज़र आ रहे थे। आधारशिला सैनिक स्कूल के बच्चों ने राइजिंग एवं बैलेंसिंग एडवेंचर का अभ्यास किया। सैनिकों की भांति रस्सी पर चढ़ाई करना और बिना सपोर्ट सिर्फ रोप के सहारे अपना बैलेंस बनाए रखना ऐसे कई करतब दिखाए जो उनके भविष्य में सैन्य जीवन के प्रशिक्षण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण थे। 10 मई से 12 मई तक चलने वाले इस फेस्ट की शुरुआत के दिन विभिन्न गतिविधियां जैसे ड्राइंग, पेंटिंग, टी शर्ट पेंटिंग, बौद्धिक परीक्षण प्रश्नोंत्तरी और पहेलियाँ, आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी आयोजित की गई। जिसमें विद्यार्थियों और अभिभावकों को मुख्य रूप से आर्मी गैलरी ने आकर्षित किया,जिसमें सैनिक की यूनिफार्म, मेडल, उसकी उपलब्धियाँ आदि को चित्रों तथा मॉडल द्वारा प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम के दूसरे दिन योग प्रस्तुति और "फील द रिद्मम प्रोग्राम" आयोजित किया गया, जिसमें बिना म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स द्वारा घर में पाए जाने वले वेस्ट उत्पादों से लय और ताल की प्रस्तुति दी गई, जिसमें स्टूडेंट्स के साथ-साथ आम जनता ने भी पार्टिसिपेट किया। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य सैनिक स्कूल के बच्चों को अनुशासित जीवन की सीख देना एवं उनका सर्वांगीण विकास करना था।

- तीन दिवसीय कार्यक्रम का हुआ भव्य समापन

### पद्मश्री पं.रामलाल बरेठ का किया सम्मान

तीन दिवसीय 'वॉरियर कैरियर फेस्ट' के समापन पर 12 मई को मुख्य अतिथि प्रसिद्ध रायगढ़ घराने के कथक नर्तक पद्मश्री पं. रामलाल बरेठ को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में गेस्ट ऑफ आनर कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव सहित विशिष्ट अतिथि के रूप में नेचर बायोडायवर्सिटी एसोसिएशन के अध्यक्ष मंसूर खान, एनजीओ से युवा साथी हिना और ब्रैंडन, क्रेडाई से सोहेल और प्रणय राय, सुश्री डॉ नमिता श्रीवास्तव व डाक्टर मनीष श्रीवास्तव, सक्षम संस्था दिव्यांग से अंजली चावड़ा, शिव शक्ति कला से राधिका पाखी, फार्मरर प्राइड बिलासपुर से संदीप शर्मा, अग्रज नाट्य दल से अनीश श्रीवास और रमाकांत सोनी, भातखंडे विश्व विद्यालय से सचिन उपस्थित हुए। सभी ने पद्मश्री पंडित रामलाल बरेठ जी का श्रीफल और शॉल से सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमेन डॉ अजय श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि तीन दिवसीय फेस्ट का आयोजन बिलासपुर शहर के गौरव एवीएम न्यू सैनिक विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास के लिए सदेव प्रयत्नशील है। प्राचार्या श्रीमती जीआर मधुलिका ने फेस्ट में आए सभी का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया कि आगे भी विद्यालय को आप सभी से इसी प्रकार का सहयोग मिलता रहेगा।




### पद्मश्री बरेठ की मांग पर डिप्टी सीएम ने चक्रधर कला केंद्र खोलने दिया आश्वासन



**बिलासपुर।** रायगढ़ कथक घराने के प्रमुख स्तंभ गुरू पंडित रामलाल बरेठ पद्मश्री सम्मान प्राप्त कर अपने निवास शैल विहार कॉलोनी वार्ड क्र.15 विकास नगर पहुंचे। इस अवसर पर उनके निवास में उप मुख्यमंत्री अरूण साव, भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव कुमावत, लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी तोखन साहू ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर पद्मश्री रामलाल बरेठ ने उपमुख्यमंत्री अरूण साव से आग्रह किया कि चक्रधर कला केन्द्र भोपाल में जिस तरह से है उसी तरह बिलासपुर में भी खुलना चाहिए। श्री बरेठ की मांग को सरल एवं सहज रूप से उपमुख्यमंत्री ने स्वीकार किया और जल्द इस अमल में लाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष किशोर राय, भाजपा पश्चिम मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह भोगल, पार्षद राजेश सिंह, मंडल महामंत्री अमित चतुर्वेदी, वैभव गुप्ता ने भी सौजन्य भेंट मुलाकात कर श्री बरेठ का सम्मान किया।

# पूर्व अध्यक्षों एवं निर्वाचन अधिकारियों का किया सम्मान

**बिलासपुर।** ज्येष्ठ नागरिक संघ का चुनाव 5 मई को संपन्न हुआ। संघ ने चुनाव अधिकारियों का मोमेन्टो व प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक बजरंग केडिया, चन्द्र कांत अंधारे एवं विद्या गोवर्धन उपस्थित रहे। इनका भी सम्मान स्वागत शाल श्रीफल व मोमेन्टो से किया गया।
कार्यक्रम में नवनिर्वाचित अध्यक्ष अरविन्द दीक्षित ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के हित में व उनके कल्याण के लिए आगे भी कार्य करेंगे। कार्यक्रम में चुनाव अधिकारी संतोष श्रीवास्तव, रमेश सोनी, राम नारायण राव एवं प्रकाश टाक ने अध्यक्ष अरविंद दीक्षित सहित उपाध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा, सचिव सत्य भामा अवस्थी, सहसचिव बाल गोविन्द अग्रवाल, कोषाध्यक्ष डीपी गुप्ता तथा कार्यकारणी सदस्य प्रभात मिश्रा, यादवेन्द्र घर दीवान, डॉ सुधाकर बिबे, राकेश बाकरे, मंजुला गुहा, प्रेमलता राजपूत, सुरेश शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, धन सिंह ठाकुर, नित्यानंद अग्रवाल को भी प्रमाण पत्र दिया। बजरंग केडिया ने नई कार्यकारणी को आशीर्वाद देते हुए कहा कि संस्था को आगे बढ़ाने में कार्य करते रहेंगे। चंद्रकात अंधारे व विधा गोवर्धन ने भी नवीन कार्यकारिणी को और अच्छे से कार्य करते रहने कहा। इस अवसर पर डा आरए शर्मा, सुरेश कोन्हेर, इन्द्र सेन अग्रवाल, प० गिरधर शर्मा, डा प्रदीप शुक्ला, जयश्री शुक्ला, मोहन देव पुजारी, मनोहर बरसैया, प्रकाश भादककर, जमील अहमद, कमल मुकर्जी, राम सिंह स्वर्णकार, अविनाश घर दीवान, अनिल दीवान, अनिल व्यास आदि उपस्थित रहे।




# बिलासपुर एयरपोर्ट में नाइट लैंडिंग पिछड़ने की आशंका

**बिलासपुर।** हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने बिलासपुर एयरपोर्ट में नाइट लैंडिंग का काम पिछड़ने की आशंका बताई है, समिति के अनुसार छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा सेटेलाइट पर आधारित तकनीक का उपयोग करने के फैसले ने इस काम की प्रगति रोक दी है।

गौरतलब है कि केंद्र सरकार के संस्थान डीजीसीए और एएआई दोनों ही पहले से चली आ रही तकनीक के पक्षधर हैं और नई तकनीक उपयोग करने के छत्तीसगढ़ के फैसले को स्वीकृत कर अप्रूवल नहीं दे रहे हैं। एयरक्राफ्ट फ्लाइंग के नियम कानून के मुताबिक जब तक डीजीसीए इस तकनीक के उपयोग की मंजूरी नहीं देगा तब तक बिलासपुर एयरपोर्ट पर नाइट लैंडिंग का काम आगे नहीं बढ़ेगा। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने ब्यौरा देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा इस मंजूरी के लिए पहला पत्र 17 जनवरी को लिखा गया और दूसरा पत्र 29 अप्रैल को। दोनों ही पत्रों का कोई जवाब केंद्र सरकार या डीजीसीए द्वारा नहीं दिया गया है। साफ़तौर पर दिखाई दे रहा है कि डबल इंजन सरकार के दोनों इंजन अलग अलग दिशा में दौड़ रहे हैं। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का महा धरना रविवार को भी जारी रहा और डॉ. प्रदीप राही, महेश दुबे, रवि बनर्जी, राघवेंद्र सिंह, मनोज तिवारी, चित्रकांत श्रीवास, अमर बजाज, रमा बघेल, उमेश कश्यप, राजा अवस्थी, राकेश शर्मा, संतोष पीपलवा, अनुराग पांडेय, दीपक कश्यप, पवन पांडेय, अमर बजाज, हीरा यादव, मोहसिन अली, नरेश यादव, शाहबाज़ अली, अक़ील अली और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।



विनम्र श्रद्धांजली
तृतीय पुण्यतिथी



स्व. श्रीमती मोनी सिंह
निर्वाण तिथि: 13.05.2021

है जरूरत, थी जरूरत, रहेगी जरूरत तेरी हरदम
हम ढुंढ भी ले तो कहाँ है अब तु, एहसासों के सिवा...

आपकी सेवा, त्याग व सम्पर्ण
सदैव हमारे लिए अविस्मरणीय रहेगी...

श्रद्धावनत्
माता बक्स सिंह (ससूर जी), संजय सिंह (पति), सुधीर सिंह, खुशी सिंह, अभिषेक सिंह, अदिति सिंह, आराध्या सिंह, अनिमेष सिंह, अनिकेत सिंह एवं समस्त सिंह परिवार

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, सोमवार 13 मई 2024

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255


मदर्स डे विशेष



## वैकेंसी अपडेट

### इंडियन नेवी एसएसआर-एमआर भर्ती के लिए आज से आवेदन

**बिलासपुर।** भारतीय नौसेना में शामिल होने का सपना देख रहे युवाओं के लिए सुनहरा मौका है। इंडियन नेवी की ओर से अग्निवीर योजना के तहत एसएसआर एवं एमआर (SSR/ MR 02/2024 Batch) भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी कर भर्ती का ऐलान किया गया है। नोटिफिकेशन जारी होने के साथ ही इंडियन नेवी की ओर से आवेदन तिथि को भी घोषित कर दिया गया है। जो भी अभ्यर्थी इस भर्ती के लिए योग्यता पूरी करते हैं, वे 13 मई से 27 मई 2024 तक फॉर्म भर सकेंगे। एप्लिकेशन फॉर्म केवल ऑनलाइन माध्यम से इंडियन नेवी की ऑफिशियल वेबसाइट joinindiannavy.gov.in पर जाकर भर सकेंगे। इस भर्ती में फॉर्म भरने के लिए आपको सबसे पहले ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर भर्ती से संबंधित लिंक पर क्लिक करना होगा। इसके बाद आपको पहले रजिस्ट्रेशन करना होगा और इसके बाद लॉग इन के माध्यम से अन्य डिटेल भरकर फॉर्म पूर्ण करना होगा।

#### बायोलॉजी में इंटरमीडिएट उत्तीर्ण होना जरूरी

इस भर्ती में एमआर पदों पर आवेदन के लिए अभ्यर्थी का किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से हाईस्कूल (10वीं) उत्तीर्ण होना आवश्यक है। एसएसआर पदों पर आवेदन के लिए अभ्यर्थी का मैथमेटिक्स, फिजिक्स एवं कंप्यूटर साइंस/ केमिस्ट्री/ बायोलॉजी में इंटरमीडिएट उत्तीर्ण किया हो। इसके साथ ही अभ्यर्थी का जन्म 1 नवंबर 2003 एवं 30 अप्रैल 2007 के बीच हुआ हो। पात्रता एवं मापदंड की विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी नोटिफिकेशन का अवलोकन अवश्य कर लें। इस भर्ती में शामिल होने के लिए सभी वर्गों के उम्मीदवारों को आवेदन के लिए 550 रुपए शुल्क का भुगतान करना होगा। आवेदन शुल्क ऑनलाइन माध्यम से डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग के माध्यम से जमा किया जा सकता है।



# तू कितनी अच्छी है, कितनी प्यारी है...

> शहर के ब्रम्हाकुमारीज सेंटरों में मदर्स डे उत्साह से मनाया गया। ओम शांति सरोवर उसलापुर में बच्चों के साथ मम्मी भी आकर बच्चों का उमंग बढ़ाया। इस दौरान सभी बच्चों ने गीत-तू कितनी अच्छी है कितनी प्यारी है.. गाकर सभी मम्मियों का स्वागत किया।

## बच्चों ने भावमयी गीत गाकर माताओं का किया स्वागत

## ब्रम्हाकुमारीज केंद्रों में उत्साह से मनाया गया मदर्स डे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीके छाया दीदी ने सभी को मदर्स डे की बधाई देते हुए कहा कि मां शब्द बहुत छोटा है परंतु मां शब्द की गहराई नापी नहीं जा सकती। मां निरंतर निस्वार्थ प्रेम की गंगा अपने बच्चों के लिए सदा रखती है। कभी भी उसके बदले में कुछ नहीं लेते। उनकी सेवा निःस्वार्थ सेवा है जिसका कोई मोल नहीं हो सकता। अमूल्य है मां और अमूल्य है उसका प्यार, उसकी पालना। उन्होंने कहा कि हम सब की तीन मां हैं। सबसे पहले हमारी परलौकिक मां है और वह परमपिता भी है। जिसे छोड़कर हम इस दुनिया में आए। उनसे बिछड़ कर इस दुनिया की भीड़ में हो खो गए। आज इसीलिए दुख, तनाव, चिंता के घेरे में आ गए। इस दुनिया के दुखों से बचाने वाली है उस मां की शीतल छांव की हम सबको आवश्यकता है। दूसरी हमारे शरीर की मां है। जो हमें जन्म देने की निमित्त बनती है और दिन रात हमारी निस्वार्थ सेवा करती और हमारी सारी आवश्यकता पूर्ण करती है।



### ईश्वर ने मां के अंदर सारे गुण किए है समाहित : बीके स्वाति

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की मुख्य शाखा राजयोग भवन में मातृ दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सेवा केन्द्र की संचालिका बीके स्वाति दीदी ने कहा कि ईश्वर हर जगह उपस्थित नहीं हो सकते, इसीलिए उसने अपने ही स्वरूप में मां का स्वरूप बनाया और हर बच्चे के लिए छाया के रूप में मां को रखा ताकि हर समय, हर आत्मा को ईश्वर का सानिध्य महसूस हो। ईश्वर से प्रार्थना में भी हम यही कहते हैं कि तुम मात-पिता हम बालक तेरे... तो ईश्वर को भी मां का ही दर्जा दिया है। ईश्वर ने हर एक घर में एक मां को अपने स्वरूप में बनाया है जो भीतर से बहुत सशक्त है, मजबूत है, हृदय उसका कोमल है। अपने सारे गुण भगवान ने उस मां के अंदर समाहित कर दिया। वह सहन शीलता की मूर्ति है।

### माताओं को तिलक लगा कर किया सम्मान

ब्रह्माकुमारी बहनों ने सभी बच्चों की मम्मी को स्टेज पर बुलाकर उन्हें तिलक व पुष्प दे कर नारियल भेंट करते हुए उनका सम्मान किया। सभी लोग अपने बच्चों के लिए आशीर्वचन बोले। उनके मंगल सफल जीवन की कामना की।

### कभी नहीं उतार सकते मां का उपकार

स्वाति दीदी ने कहा कि हमारी पहली मां परमात्मा जिनके शब्द में ही मां समाया हुआ है। हमारी दूसरी मां इस सृष्टि की सृजन करता ब्रह्मा अर्थात बड़ी मां और हमारी तीसरी मां ज्ञान की देवी जगदंबा मां सरस्वती, हमारी चौथी मां इस शरीर को जन्म देने वाली मां, जिन्होंने हमें संस्कार दिए। हमें अपने पैरों पर खड़े होना, जीवन जीना सिखाया। हमारी पांचवी मां धरती मां है, जो निरंतर हमारी पालना, रक्षा करती है। हमें आध्यात्मिकता के मार्ग में लाने के निमित्त बनती है, जो परमात्मा से हमारा संबंध जुड़वाती है वह हमारी अलौकिक मां है। इन सभी मां को आज हम वंदन, अभिनंदन करते हैं। हम भी आज के दिन विशेष उस मां का, हमारी प्रथम गुरु का उसके बलिदान, त्याग का, उसकी हर श्रेष्ठ भावनाओं के प्रति हम उसके प्रति कृतज्ञ भाव अर्पित करें।

### गीतों की प्रस्तुति से माहौल बना भावपूर्ण

बच्चों ने मदर्स डे के उपलक्ष्य में अपनी मां के लिए बहुत ही सुंदर ग्रीटिंग कार्ड एवं ड्राइंग बनाया। साथ ही कुछ बच्चों ने मां को धन्यवाद करने के लिए नृत्य एवं गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। अवनी, ऋषिका ने गीत-मैंने पायल है छनकाई.., राजवीर सोनी ने गीत-दिल डूबा दिल डूबा.., परवी, सृष्टि, माही ने गीत-उंगली पकड़ के चलना सिखाया.., मान्या साहू ने गीत- लुकाछिपी बहुत हुई..पर नृत्य की प्रस्तुति दी। यश अमलतास ने गीत-तेरी उंगली पकड़ के चला.., शरण्या शर्मा, अभ्युदय ने गीत-प्यारी मां मेरी मां..पेश कर माहौल को भावपूर्ण बना दिया। राधा यादव ने बहुत सुंदर कविता सुनाई।

## वर्कशॉप

### बच्चों ने सीखा कबाड़ से कमाल बनाना



**बिलासपुर।** आओ बनाए कबाड़ से कमाल आर्ट एंड क्राफ्ट सात दिवसीय निःशुल्क वर्कशॉप का समापन हुआ। इस कार्यक्रम को गुलदस्ता ग्रुप की संस्थापिका एवं अध्यक्ष रीता राजगीर एवं हेप्पली केयर की संस्थापिका डॉ सुरभि राजगीर ने आयोजित किया। सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी पर माल्यार्पण एवं दीप अर्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मुख्य अतिथि बृजेंद्र शुक्ला चीफ ट्रेनर एवं विशिष्ट तिथि जूना बिलासपुर व्यापारी संघ के अध्यक्ष अखिलेश गुप्ता थे। रमाकांत सोनी ने बच्चों को कबाड़ से कमाल सीखाने काफी मेहनत की एवं बच्चों को बेहतरीन तरीके से आर्ट एंड क्राफ्ट का प्रशिक्षण दिया। मुख्य अतिथि बृजेंद्र शुक्ला ने इस आयोजन की प्रशंसा की और कहा कि आज बच्चे मोबाइल और टीवी देख कर दिशाहीन हो रहे हैं। इस तरह के वर्कशॉप होने से बच्चों को बौद्धिक विकास तो होगा ही शारीरिक विकास भी होता है। अभिभावक को चाहिए कि वे अपने बच्चों को समझाएं कि खाली समय का इस्तेमाल किस तरह किया जाता है। इस तरह के आयोजन शहर में होते हैं तो बच्चों को वहां अवश्य भेजना चाहिए। मुख्य अतिथि ने सभी बच्चों को गुलदस्ता व संस्था द्वारा प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। अखिलेश गुप्ता ने बताया कि इतने कम समय में इस वर्कशॉप में 40 बच्चों ने भाग लिया। यह संस्था के प्रथम प्रयास की उपलब्धि का एक प्रत्यक्ष प्रमाण है।

> सात दिवसीय निःशुल्क वर्कशॉप का समापन

डॉ सुरभि राजगीर ने बच्चों को स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी देकर भविष्य में हमें अपना समय किस तरह निकाल कर इन सब गतिविधियों में लगाना है, बताया। अभिभावक मनीष केसरवानी, रश्मि मेहानी कार्यक्रम को शानदार बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब के सचिव डॉ दिव्या सिंह, कोषाध्यक्ष रश्मि सराफ, सुनीता, नेहा, संरक्षिका नीना, आरती, निक्की, रश्मि, रेनू ने सहयोग दिया। अंत में संस्था द्वारा मिष्ठान वितरण किया गया।

## भगवत पथ से विमुख जीवों को दी भगवान की शरणागति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जबड़ापारा स्थित श्री राधा-कृष्ण मंदिर में सभी श्री वैष्णवजनों ने मिल कर भाष्यकार श्री रामानुज स्वामीजी का 1007 वां महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया। प्रातः आचार्य अभिनव गोपाल शरण महराज के सानिध्य में दूध, दही, शहद, शक्कर, घृत, मधुरस, चंदन के लेप, नारियल पानी, शुद्ध जल, कपूर मिश्रित केसर, औषधि का जल, विभिन्न फलों के रस से महाअभिषेक किया गया। महोत्सव की पूजा, अभिषेक वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ दक्षिण भारतीय परंपरा से आचार्य श्रीकृष्ण चंद्र, दुर्गेश शुक्ला, आचार्य दिपेश गौरहा, विवेक पांडेय, प्रितम महाराज ने विधि विधान से संपन्न कराया। तुलसी व पुष्प अर्चना, मंगलाचरण, गुरु परम्परा स्त्रोत पाठ के बाद विशेष श्रृंगार कर महाआरती की गई। अंत में महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रपन्न मिश्रा, सुभाषिनी मिश्रा, जगन्नाथ मिश्रा, शिवा महराज, नंदिता, राजेंद्र गौरहा, कृष्णचंद मिश्रा, गोपाल रामानुजदास सहित बड़ी संख्या में श्री वैष्णवजन उपस्थित रहे। श्री प्रपन्न मिश्रा ने बताया कि हर साल बैशाख शुक्ल पक्ष की पंचमी को यह महोत्सव मनाया जाता है। जबड़ापारा का यह मंदिर डेढ़ सौ साल पुराना है। श्री सुदर्शनाचार्य स्वामी की देन इस मंदिर में जन्माष्टमी, अन्नकूट एवं हनुमान जयंती वृहद रूप से मनाया जाता है। अगले साल यह महोत्सव तीन दिवसीय आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रामानुज भगवान ने वैष्णव संप्रदाय की स्थापना की थी।

- श्रद्धा, उत्साह से मनाया गया रामानुज स्वामी का 1007 वां महोत्सव





वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दक्षिण भारतीय परंपरा से हुआ अभिषेक

### लोगों को चलाया भक्ति पथ पर

गोपाल कृष्ण रामानुज दास ने बताया कि श्रीरामानुज स्वामी ने मनुष्यों का उद्धार करने श्री संप्रदाय के पताका को पूरे विश्वास के साथ फहराया। भगवत पथ से विमुख जीवों को भगवान की शरणागति देकर भक्ति पथ पर चलाया। भक्ति पथ का उपदेश देकर संसार से उद्धार के प्रयास किए। दक्षिण में गुरु दीक्षा लेकर सभी भक्तों पर कृपा की।





## महापुरुषों ने विद्या के ही आधार पर अपना स्थान प्राप्त किया

**बिलासपुर।** सरस्वती शिक्षा ग्राम समिति का प्रांत स्तरीय सामान्य प्रशिक्षण का शुभारंभ कोनी में शुरू हो गया। अधिकारी ठाकुर राम कुर्रे चंद्रकिशोर श्रीवास्तव भी मंचासीन थे। महंत राम गोपाल दास ने कहा कि विद्या हमें ज्ञान की ओर ले जाती है, हमारे देश विद्या की भूमि रही है। यहां अनेक महापुरुषों ने विद्या के ही आधार पर अपना स्थान प्राप्त किया है। जिसने धर्म का पालन किया वे अमर हो गए तथा जो धर्म पद से विचलित हुआ वह भटक गया और उनका पतन हो गया। यह भारत भूमि धर्म भूमि है। यहां प्रशिक्षार्थियों ज्ञानियों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा और निश्चित ही उनका विकास होगा। वे जिस कार्य में लगे हुए हैं, उसमें प्रगाढ़ता आएगी और कार्य को गति मिलेगी। स्वामी रामरूप दास ने कहा कि दुनिया सबसे बड़ा अशासकीय संगठन है, जो संस्कार युक्त शिक्षा दे रहा है, संगठन मंत्री डॉ देवनारायण साहू ने विद्या भारती के विकास यात्रा पर बात रखी। विद्याभारती नगरी, ग्रामीण, संस्कार केन्द्र, एकल विद्यालय, संस्कार भारतीय संस्कृति का संवर्धन कर रही है। वर्ग में 110 पुरुष आचार्य एवं 139 महिला आचार्य इस प्रकार 249 कार्यकर्ता इस प्रशिक्षण में आए हैं।

> सशिमं कोनी में जुटे प्रदेश भर के आचार्य

## क्रिकेट, राजवंश सिंह को मिला मैन ऑफ द मैच का खिताब

**बिलासपुर।** संस्कार क्रिकेट एसीसीडीएमवाई या बीएस मेमोरियल क्रिकेट अकादमी के बीच 2 दिवसीय क्रिकेट मैच खेला गया। इसमें संस्कार क्रिकेट एसीसीडीएमवाई ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धरित 49.2 ओवर 131 रन एम ऑलआउट हो गई। मैच के मैन ऑफ द मैच राज वंश सिंह भाटिया रहे। बीएस मेमोरियल की ओर से गेंदबाज मोइन मिर्जा ने 3 विकेट, रूपम ने 2, राज, शुभम, अविरल, अंश अग्रवाल ने 1-1 विकेट लिए। संस्कार क्रिकेट एसीसीडीएमवाई से भावेश ने 53 रन का योगदान दिया। बी.एस मेमोरियल क्रिकेट अकादमी की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए 34.5 ओवर में 202 रन बनाकर ऑलआउट हो गए। बी.एस मेमोरियल की तरफ से मोइन मिर्जा ने 56, आयुष तोडेकर ने 55 और हर्ष ने 44 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी में संस्कार क्रिकेट अकादमी की तरफ से विधान यादव ने 5 विकेट लिए। पहले दिन का खेल खत्म होने के बाद बी.एस मेमोरियल क्रिकेट अकादमी ने 71 रन की बढ़त के साथ दूसरे दिन का खेल शुरू हुआ। संस्कार क्रिकेट अकादमी ने दूसरी पारी में 45 ओवर में 179 रन बनाए। संस्कार क्रिकेट अकादमी की तरफ से अयान साहू ने 46 रन बनाया। विधान यादव ने 43 रन का योगदान दिया।

- 11 ओवर में 111 रन बनाकर 9 विकेट से जीत हासिल की

## कार्नर न्यूज

### डीपीएस में समर कैंप का भव्य समापन

## बच्चों को समर कैंप में मनी मैनेजमेंट के दिए टिप्स





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दिल्ली पब्लिक स्कूल में 1 मई से लेकर 12 मई तक समर कैंप का सफल आयोजन किया गया, जिसमें 140 से अधिक विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। प्रत्येक दिन का प्रारंभ योग और एरोबिक्स से किया गया ताकि बच्चे शारीरिक रूप से स्वस्थ रहें। इसके अलावा संगीत में गायन, वाद्य और नृत्य का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। खेलों में स्वीमिंग, बास्केटबॉल और बैडमिंटन में से विद्यार्थियों ने अपने पसंदीदा खेल का चुनाव कर उसमें न केवल उसके नियम कायदों से परिचित हुए बल्कि खेलने के गुण भी सीखे। इस समर कैंप में विशेष आकर्षण था' लाइफ स्किल' जिसके अंतर्गत बच्चों को फर्स्ट एड में प्राथमिक चिकित्सा में किए जाने वाले कार्यों को सिखाया गया। जिसके अंतर्गत यदि घर परिवार में इमरजेंसी स्थिति निर्मित हो तो बच्चे कौन सा नंबर डायल करके तत्काल सुविधा उपलब्ध पा सकते हैं, इसका भी प्रशिक्षण उन्हें दिया गया। 'गुड टच बैड टच ' के अलावा वर्तमान समय में बच्चों को पैसे की कीमत बताने के लिए 'मनी मैनेजमेंट 'के गुर भी सिखाए गए।



### जीवन उपयोगी गुणों को विकसित किया

इसके अंतर्गत टेबल मैनर्स ,टाई और शूलेस को बांधना, विशिंग कल्चर जैसे गुण को भी सिखाया गया। बच्चों में समय का सदुपयोग करते हुए विविध गतिविधियों को समर कैंप के माध्यम से सिखाया गया। प्री प्राइमरी विंग में जुंबा,डायनिंग मैनर्स,गुड टच बैड टच, तैराकी के साथ-साथ अनेक जीवन उपयोगी गुणों को विकसित किया गया। प्री प्राइमरी विंग के विद्यार्थियों को रोड सेफ्टी रूल्स, फायर सेफ्टी रूल्स भी समझे गए साथ ही फुटबॉल, बास्केटबॉल की मूलभूत जानकारियां भी सिखाई गई।

### प्रतिभा को निखारने का अवसर कैंप

खेल-खेल में विद्यार्थियों ने जीवन जीने की कला बारीकी से सीखी इसके अलावा प्रत्येक दिन स्वास्थ्यवर्धक स्वादिष्ट भोजन का आनंद भी लिया। संस्था प्राचार्य जसपाल सिंह मथ ने सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उत्साह वर्धन किया । उन्होंने अपने संबोधन में समय को बहुमूल्य बताया, साथ ही हुनर सीख कर अपनी छिपी प्रतिभा को निखारने का समर कैंप को एक बेहतरीन साधन बताया। इस अवसर पर सभी अभिभावकों और विद्यार्थियों ने संस्था तथा शिक्षक शिक्षिकाओं के प्रति आभार व्यक्त किया।



# अनूप हुए डीपफेक का शिकार लाखों लोगों ने देखा फर्जी वीडियो

**मुंबई।** डीपफेक वीडियोज के वायरल होने का सिलसिला रुक नहीं रहा। एआई की मदद से उनकी फोटो और आवाज को कॉपी कर भ्रामक संदेश फैलाए जा रहे हैं। अब अभिनेता अनूप सोनी इसका शिकार हो गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उनका एक डीपफेक वीडियो तेजी के साथ सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह आईपीएल का सट्टा लगाने की बात कर रहे हैं। रविवार को उन्होंने डीपफेक वीडियो को लेकर चेतावनी जारी की है। अनूप ने एक बयान में कहा, 'यह पूरी तरह से फर्जी वीडियो है, और हम सभी को सतर्क रहना होगा कि इन दिनों चीजों को कैसे और किस हद तक हेरफेर किया जा रहा है। अनूप सोनी के इस फर्जी वीडियो पर लाखों व्यूज आए हैं।

लाइफ Style



# जान्हवी
## 'मिस्टर एंड मिसेज माही' का ट्रेलर रिलीज

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जान्हवी कपूर अपनी आगामी फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेड माही' का पहला ट्रेलर रिलीज हो चुका हैं। इसके ट्रेलर को स्टार स्पोर्ट्स हिंदी और यूट्यूब पर कुछ ही घंटों पहले रिलीज किया गया था।

साथ ही फिल्म के इस वीडियो को जान्हवी कपूर ने भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा किया है। इसके वीडियो को देखकर फैंस बेहद उत्साहित हो गए हैं। 'मिस्टर एंड मिसेज माही' का ट्रेलर रिलीज होते ही जाह्नवी कपूर और राजकुमार राव की केमिस्ट्री ने एक बार फिर से दर्शकों का दिल जीत लिया है। इस फिल्म से पहले दोनों ने फिल्म 'रूही' में एक साथ काम किया था। इस फिल्म में इन दोनों की जोड़ी को फैंस ने बेहद पसंद किया था। मिस्टर एंड मिसेज माही में दोनों को फिल्म में अपने सपनों और फर्ज के बीच जूझते हुए दिखाया गया है।


मिसेज माही को क्रिकेटर बनने के लिए मिस्टर माही अपने परिवार से भी बगावत कर बैठते है। फिल्म का ट्रेलर जैसे ही जान्हवी ने अपने अकाउंट इंस्टाग्राम पर साझा किया तभी से फैंस के कमेंट्स की बाढ़ आ गई है। एक फैन ने लिखा, 'फिल्म को देखने के लिए और इंतजार नहीं कर सकता।' एक यूजर ने लिखा, ''ट्रेलर में ही पूरी फिल्म की कहानी क्यों दिखा दी।'' एक और फैन ने लिखा, 'इस पूरे गाने को सुनने के लिए बेकरार हूं।'

हॉलीवुड मसाला




# कान्स में होगी 'कूकी' की स्क्रीनिंग

**लॉस एंजेलिस।** असम में बनी हिंदी फीचर फिल्म 'कूकी' की कान्स फिल्म फेस्टिवल 2024 में स्क्रीनिंग होगी, जो 28 जून को रिलीज होगी। 'कूकी' की स्क्रीनिंग 21 मई को पैलेस एच में होने वाली है। निर्माता जुनमोनी देवी खौंड ने कहा, 'मैं अपनी पहली फीचर फिल्म 'कूकी' को प्रतिष्ठित कान फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित करने का अवसर पाकर बेहद सम्मानित और आभारी हूं। यह प्लेटफॉर्म न केवल सिनेमाई कला का जश्न मनाता है, बल्कि उन आवाजों को भी बुलंद करता है जो जरूरी वैश्विक मुद्दों पर बोलने का साहस करती हैं।'



# जस्टिन बीबर-हैली के घर जल्द गूंजेगी किलकारी

**लॉस एंजेलिस।** इंटरनेशनल पॉप सिंगर जस्टिन बीबर अपने शानदार गानों की बदौलत अपने करोड़ों फैंस के दिलों पर सालों से राज करते आ रहे हैं। अपने गानों के साथ साथ बीबर अपनी निजी लाइफ को लेकर भी काफी बिजी में रहते हैं। हाल ही में सेलेब्रिटी सिंगर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक खुशखबरी देते हुए बताया है कि उनके घर में जल्द ही नन्हा मेहमान आने वाला है। जस्टिन बीबर की पत्नी और मॉडल हैली बीबर जल्द ही मां बनने जा रही है। इस बात का खुलासा जस्टिन ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो के जरिए ये खुशखबरी साझा की है। इस वीडियो के आते ही दुनिया भर में जस्टिन के फैंस और दूसरे सेलेब्रिटीज की बधाइयों का तांता लग गया है।



# बच्चे तो होंगे ही कभी ना कभी ...


**मुंबई।** दो साल की दोस्ती के बाद, अंकिता लोखंडे और विक्की जैन ने 2018 में डेटिंग शुरू की। अंकिता-विक्की ने अप्रैल 2021 में पारंपरिक तरीके से शादी की। अंकिता ने अक्सर मां बनने की इच्छा जाहिर की है। बिग बॉस 17 में जब वह आई थीं तब भी उन्हें प्रेग्नेंसी टेस्ट करवाया था। शो में कई बार उनके प्रेग्नेंट होने की अटकलें लगीं। शो से बाहर आने के बाद भी उनकी प्रेग्नेंसी को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए गए, लेकिन सब सिर्फ अफवाह साबित हुई। अंकिता लोखंडे ने खुलासा किया कि वह और विक्की अक्सर बेबीज को लेकर चर्चा करते हैं। उन्होंने कहा, 'हम हमेशा बेबीज के बारे में बात करते हैं। जब मुझसे बच्चे पैदा करने की इच्छा के बारे में पूछा जाता है तो मेरे पास छिपाने के लिए कुछ नहीं होता। बच्चे तो होंगे ही कभी ना कभी।'



# खौफनाक गुफा में शूट की थी गुना

**मुंबई।** 'फिल्मी फ्राइडे' में कमल हासन की उस फिल्म की कहानी जानिए, जिसके कारण गुना गुफाएं और उनकी दहशत की कहानी दुनियाभर में छा गई थी। कमल हासन को चेतावनी दी गई थी कि वह 'गुना' की शूटिंग वहां न करें। कमल हासन की 33 साल पुरानी इस फिल्म से चर्चा में आई थी डरावनी गुना गुफा। कमल हासन ने शूट के वक्त सड़क बनवाई थी। 'फिल्मी फ्राइडे' में उस फिल्म की कहानी बताने जा रहे हैं, जिसके कारण खतरनाक गुना गुफाएं चर्चा में आ गईं। इसी फिल्म से प्रेरणा लेकर हाल ही मलयालम फिल्म 'मंजुम्मेल बॉयज' बनाई गई। 22 फरवरी को थिएटर्स में रिलीज हुई इस फिल्म को पब्लिक डिमांड पर हाल ही ओटीटी पर हिंदी समेत अन्य भाषाओं में डब करके रिलीज किया गया।

टीवी मसाला



# माधुरी के लिए एक्शन अवतार में आए सुनील

**नई दिल्ली।** सुनील शेट्टी और माधुरी दीक्षित इन दिनों छोटे पर्दे के शो डांस दीवाने में बतौर जज नजर आ रहे हैं। इस शो को दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। इस बीच मेकर्स ने शो का एक धमाकेदार नया प्रोमो जारी किया है। इसमें अभिनेता एक बार फिर एक्शन अवतार में नजर आने वाले हैं। कलर्स टीवी की ओर से हाल ही में साझा किए गए इस वीडियो में दो लोग माधुरी का अपहरण करते नजर आते हैं। वहीं, अभिनेत्री जोर जोर से चिल्लाती नजर आ रही हैं। तभी नाटकीय ढंग से सुनील शेट्टी की एंट्री होती है और वे माधुरी को बचाकर उन्हें अपने साथ लेकर चले जाते हैं। इस वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा था, 'माधुरी से मुलाकात करने के लिए सुनील को करनी पड़ी मुक्का-लात।' इसके अलावा एक अन्य प्रोमो वीडियो में सुनील शेट्टी माधुरी को उपहार देते नजर आते हैं। सुनील शेट्टी जल्द ही एक एक्शन से भरपूर फिल्म में नजर आने वाले हैं। इसके अलावा वे वेलकम टू द जंगल में भी काम कर रहे हैं। यह मल्टीस्टारर फिल्म इसी साल के आखिर में रिलीज होने वाली है। वहीं, माधुरी दीक्षित को आखिरी बार फिल्म मजा मा में देखा गया था। यह फिल्म सीधा ओटीटी पर रिलीज हुई थी।

## अनुपमा में नहीं होगी तोषू की मौत

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'अनुपमा' ट्रेंड में बना हुआ है। दरअसल, शो में आ रहे ट्विस्ट और शो के कलाकारों की वजह से लोग सोशल मीडिया पर इस शो के बारे में बातें कर रहे हैं। शो में तोषू का किरदार निभाने वाले अभिनेता आशीष मेहरोत्रा के जाने के बाद लोग कह रहे हैं कि 'अनुपमा' में तोषू की मौत हो जाएगी। कुछ लोगों का मानना है कि मेकर्स तोषू को उसके कर्मों की सजा देंगे और उसका एक्सीडेंट हो जाएगा। हालांकि, इसी बीच दावा किया जा रहा है कि आशीष मेहरोत्रा की जगह मेकर्स किसी और को तोषू बनाकर लेकर आने वाले हैं। एक रिपोर्ट्स के मुताबिक, आशीष मेहरोत्रा की जगह अब गौरव शर्मा तोषू के किरदार में नजर आएंगे। बता दें, गौरव शर्मा इससे पहले 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में नजर आ चुके हैं। उन्होंने समृद्धि शुक्ला, गर्विता साधवानी और रोहित पुरोहित के शो में कैमियो किया था। उन्होंने राजन शाही के इस शो में युवराज का किरदार निभाया था।



# 'कान फिल्म फेस्टिवल' का आयोजन कल से...

**लॉस एंजिलिस।** 'कान फिल्म फेस्टिवल' का आयोजन इस साल 14 मई से 25 मई के बीच किया जा रहा है। यह 'फेस्टिवल' 70 सालों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। यह सिनेमा की दुनिया के सबसे बड़े और बहुप्रतीक्षित आयोजनों में से एक है। 'कान फिल्म फेस्टिवल' में विश्व भर के कलाकार अपने फैशन और हुस्न का जलवा बिखेरते हुए नजर आते हैं। इस बार 'कान फिल्म महोत्सव' 14 मई से 25 मई के बीच मनाया जाएगा। आइए जानते हैं



### बेहतरीन फिल्मों का किया जाता है चयन

विश्वभर में प्रतिष्ठित इस समारोह का आयोजन हर साल मई महीने में फ्रांस के कान्स शहर में होता है। इसकी शुरुआत साल 1946 में हुई थी। इस समारोह में साल की सबसे बेहतरीन फिल्म का का चयन किया जाता है और उसका जश्न मनाया जाता है। यह विश्व भर के निर्देशकों, निर्माताओं, कलाकारों और फिल्मी दुनिया की हस्तियों के मिलने का एक स्थान भी बन गया है। 'कान फिल्म फेस्टिवल' अपने रोचक और शानदार आयोजनों के लिए प्रसिद्ध है। यह फिल्मी दुनिया से जुड़े कई तरह के आयोजन कराता है। लोग अपनी फिल्म और फैशन का प्रदर्शन इस समारोह में करते हैं। यहां पर हम 'कान फिल्म फेस्टिवल' में होने वाले कुछ प्रमुख आयोजनों के बारे में बताने जा रहे हैं।

# मातृ दिवस पर फिल्मी सितारों ने लुटाया मां पर प्यार

**मुंबई।** रविवार 12 मई को पूरे विश्व में मातृ दिवस मनाया गया। इस दिन लोग अपनी मां के प्रति विशेष प्रेम और सम्मान प्रकट करते हैं। इस विशेष अवसर पर हिंदी सिनेमा के सितारों ने अपनी मां के लिए इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अपनी भावनाएं जाहिर की हैं।

***संजय दत्त :*** हिंदी सिनेमा के अभिनेता संजय दत्त ने अपनी मां दिग्गज अभिनेत्री




'नरगिस' की पुरानी तस्वीर साझा करते हुए उनके प्रति अपने प्रेम और सम्मान को जाहिर किया है। उन्होंने पोस्ट कर लिखा, 'उस महिला को 'मदर्स डे' की हार्दिक शुभकामनाएं, जिसने मुझे बिना शर्तों के और करुणा के साथ रहना सिखाया। मां तुम्हारी आत्मा मेरे दिल में बसे प्यार में रहती है। सभी चीजों के लिए धन्यवाद! आपको ढेर सारा प्यार!'

***बाबिल खान :*** दिवंगत अभिनेता इरफान खान के बेटे बाबिल खान ने भी अपने माता -पिता के साथ



कुछ तस्वीरें साझा कीं। तस्वीरों में अभिनेता इरफान खान और उनकी मां दिख रही हैं। पोस्ट कर उन्होंने लिखा, 'सुतापा सिकदर के बिना कोई इरफान नहीं होता। सुतापा सिकदर के बिना कोई अयान नहीं होता। अगर सुतापा सिकदर नहीं होती तो कोई बाबिल नहीं होता। हर दिन मातृ दिवस है।'

***टाइगर श्रॉफ :*** अभिनेता टाइगर श्रॉफ ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी मां के साथ अपनी तस्वीर साझा की है। साझा की तस्वीरों में वह बहुत



खुश नजर आ रहे हैं। स्टोरी में उन्होंने लिखा, 'मातृ दिवस की शुभकामनाएं।'

***हेमा मालिनी :*** दिग्गज अभिनेत्री हेमा मालिनी ने अपने एक्स अकाउंट पर मां के साथ कई तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने अपनी मां के लिए एक लंबा-चौड़ा नोट लिखा। उन्होंने लिखा, मां वह है जो सभी की जगह ले सकती है, लेकिन मां की जगह कोई नहीं ले सकता।' उन्होंने आगे लिखा, 'मैं अपनी मां के प्रति विशेष आभार व्यक्त करती हूं, जो जीवन भर मेरे लिए चट्टान की तरह खड़ी रहीं और



जिन्होंने वर्षों तक मेरे भाग्य को आकार दिया। वह मुझ पर नजर रखती हैं और ऊपर से मेरा मार्गदर्शन करती रहती हैं। अम्मा को धन्यवाद।'

## वो मांएं, जिनके लिए 'हैवान' बने बेटे...

# किसी ने हड़पी संपत्ति तो किसी ने मां को पीटकर मार डाला

*मुंबई। कहते हैं कि मां भगवान का रूप होती है। मां के आंचल में स्वर्ग का अहसास होता है। एक मां अपनी औलाद को सुख देने और हर दुख से बचाने के लिए जो कुर्बानी देती है, उसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता। मां का ऋण तो कोई औलाद जन्मों-जन्मों में भी नहीं चुका सकती। लेकिन फिल्म इंडस्ट्री में कुछ मांएं बदनसीब रहीं। माओं ने अपनी जिन औलादों को कोख में 9 महीने तक रखा, अपने खून से सींचा, उन्होंने ही उन्हें मौत के मुंह तक धकेल दिया। कुछ ने संपत्ति के चक्कर में मां को घोर यातनाएं दीं तो किसी ने अपनी ही मां को पीट-पीटकर मार डाला।*


**निरूपा रॉय :** सबसे पहले बात करते हैं बॉलीवुड की सबसे चहेती मां रहीं एक्ट्रेस निरूपा रॉय की। जिस एक्ट्रेस ने फिल्मी पर्दे पर मां का दर्दभरा रूप दिखाया, जिसे देख दर्शकों की भी आंखें नम हो जाती थी, उसी को अपने ही बेटों के हाथों टॉर्चर झेलना पड़ा। निरूपा रॉय ने गुजराती फिल्मों से अपने करियर की शुरुआत की थी और बॉलीवुड में उन्होंने तकरीबन 10 फिल्मों में अमिताभ बच्चन की मां का किरदार निभाया था। वह शशि कपूर भी मां बनीं। लेकिन निरूपा रॉय को उनके ही बड़े बेटे योगेश ने पीटा और संपत्ति के लिए लड़ा। छोटे भाई किरण ने बड़े भाई योगेश पर मां की संपत्ति हड़पने और मारपीट व टॉर्चर



का आरोप लगाया था। छोटे भाई ने एक इंटरव्यू में बड़े भाई पर आरोप लगाते हुए कहा था कि उनका बर्ताव मां के लिए अच्छा नहीं था। वह उन्हें टॉर्चर करते थे। इसीलिए मां ने उन्हें संपत्ति में बराबर का हकदार नहीं रखा था। निरूपा रॉय की 13 अक्टूबर 2004 को कार्डियक अरेस्ट से मौत हो गई थी और उससे पहले उन्होंने अपनी संपत्ति दोनों बेटों में बांट दी थी। जिस मास्टर बेडरूम पर झगड़ा हो रहा था, उसे उन्होंने और पति कमल रॉय छोटे बेटे किरण को दे दिया था। जब विवाद बढ़ा तो छोटे बेटे ने बड़े बेटे के खिलाफ प्रॉपर्टी हथियाने और धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी।



**कासियाम्मल :** साउथ फिल्मों की जानी-मानी एक्ट्रेस कासियाम्मल के साथ जो हुआ था, वह हैवानियत की हदें पार करने वाला था। कासियाम्मल को उनके ही बेटे ने शराब के नशे में लाठी से पीट-पीटकर मार डाला था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बेटा मां कासियाम्मल से शराब के लिए पैसे मांगता था, लेकिन एक्ट्रेस ने देने से इनकार किया तो बेटे ने उन्हें बुरी तरह पीटकर मार डाला था। कासियाम्मल की मौत 4 फरवरी 2024 को हुई थी। पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज की गई थी, जिसके बाद कासियाम्मल के बेटे को भी गिरफ्तार कर लिया गया था। पुलिस में दर्ज शिकायत में बताया गया था कि बेटा पी. नमकोदी मां कासियाम्मल से शराब के लिए पैसे मांग रहा था। इसी बात पर उनका झगड़ा हुआ। बेटे ने गुस्से में मां को लाठी से बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया, और तब तक पीटता रहा जब तक मां कासियाम्मल के प्राण-पखेरू नहीं उड़ गए।



**प्रिया राजवंश :** हिंदी सिनेमा की मशहूर एक्ट्रेस प्रिया राजवंश ने भले ही अपनी कोख से औलाद पैदा नहीं की थी, पर उन्होंने सौतेले बेटों को खूब लाड़-प्यार दिया था। प्रिया राजवंश ने देव आनंद के भाई और फिल्ममेकर चेतन आनंद से शादी की थी, जो पहले से शादीशुदा थे और उनके दो बेटे भी थे। पर प्रिया राजवंश को क्या पता था कि पति की मौत के बाद दोनों बेटे उनके खून के प्यासे हो जाएंगे। प्रिया राजवंश की 27 मार्च 2000 को उनके बंगले में लाश मिली। उनके कत्ल का आरोप दोनों सौतेले बेटों पर लगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, चेतन आनंद के बेटों विवेक और केतन ने बंगले के दो नौकरों के साथ मिलकर सौतेली मां प्रिया राजवंश की हत्या कर दी। चारों को पुलिस ने बाद में गिरफ्तार कर लिया था और उन्हें सजा भी मिली थी। पर बाद में दोनों बेटों को रिहा कर दिया गया था।

**गीता कपूर :** मीना कपूर की फिल्म 'पाकीजा' में नजर आईं गीता कपूर भी बदकिस्मत रहीं। साल 2019 में गीता कपूर का मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया। दो दिनों तक उनकी लाश अस्पताल में पड़ी रही, पर बेटा या घर-परिवार से कोई नहीं पहुंचा। गीता कपूर का बेटा राजा, जोकि एक कोरियोग्राफर है, वह उन्हें अस्पताल में अकेला छोड़कर भाग गया। जब घर जाकर पता किया तो वहां ताला लगा मिला और बेटा परिवार के साथ वहां से चंपत हो गया। गीता कपूर की बेटी एयरहोस्टेस थी, लेकिन उसने भी मां की सुध नहीं ली। बेटा और बेटी दोनों ही मां को लावारिस छोड़कर चले गए थे। फिल्ममेकर रमेश तौरानी और अशोक पंडित ने गीता कपूर का ख्याल रखा था। गीता को बेटे राजा के नाम के सिवाय कुछ याद नहीं था। वह आखिरी दिनों तक उसके लिए तड़पती रहीं।



## खबर संक्षेप

### सीपत में गायत्री महायज्ञ आज से

**सीपत।** गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य, वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म संरक्षण व गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशानुसार एवं गायत्री प्रज्ञा पीठ खम्हरीया के तत्वाधान में पांच कुंडीय राष्ट्र जागरण अभियान गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ 13 मई से देवनाथ सभा भवन में होने जा रहा है। उक्त राष्ट्र जागरण अभियान गायत्री महायज्ञ में प्रथम दिवस सद्गुरु ज्ञान गंगा सद्ग्रंथ मंगल कलश शोभा यात्रा, द्वितीय दिवस यज्ञ का ज्ञान विज्ञान देव पूजन एवं गायत्री महायज्ञ के साथ पुसवन, नामकरण, अन्नप्राशन, मुंडन, विद्यारंभ, यज्ञोपवीत, दीक्षा, विवाह संस्कार आदि संपन्न होंगे।

### कराते खिलाड़ियों का सम्मान 14 को

**तखतपुर।** रेन सिन कान कराते जोन ट्रेनिंग कैम्प एवं प्रतिभावान कराते खिलाड़ी का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन 14 मई को दोपहर 12 बजे सांस्कृतिक भवन आयोजित किया गया है। यह जानकारी संदीप साहू ने दी।

### अमलीकापा में अखण्ड नवधा रामायण 15 से

**तखतपुर।** अमलीकापा में 15 मई से अखण्ड नवधा रामायण का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी रमाशंकर वर्मा ने दी है।

### 12वीं बोर्ड में दिव्या और दसवीं बोर्ड में मानसी प्रथम

**पेंड्रा ।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 12वीं एवं 10वीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। जिसमें छात्राओं का परीक्षा परिणाम छात्रों की तुलना में अव्वल रहा। कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान पर वाणिज्य संकाय से दिव्या ग्रेस रही। उन्होंने चार विषयों में डिस्टिंक्शन के साथ 85.4% प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर विज्ञान संकाय से अनुष्का हेराल्ड जिन्होंने 77.4% प्राप्त किया। तीसरे स्थान पर महिमा प्रजापति 72.4 प्रतिशत, चौथे स्थान पर आस्था राय 72% एवं पांचवें स्थान पर प्रिंसी कोसले 70% प्राप्त किया। कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम भी काफी अच्छा रहा। प्रथम स्थान पर मानसी मार्को ने सभी विषयों में डिस्टिंक्शन प्राप्त कर प्रथम स्थान 90.66% अंकों के साथ प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर हररेशम कौर ने भी सभी विषयों में डिस्टिंकशन के साथ 87.5% अंक प्राप्त किया एवं तीसरे स्थान पर अनमोल सिंह राणा ने भी सभी विषयों में डिस्टिंक्शन प्राप्त कर 84.5% प्राप्त किया। चौथे स्थान पर 76% के साथ वैष्णवी शुक्ला रही एवं पांचवें स्थान पर 70% के साथ क्रिस्टीना लाल रही।

## निधन

### डॉ अपर्णा पाण्डेय



**बिलासपुर।** सरकंडा बंगालीपारा निवासी श्रीमती डॉ अपर्णा पाण्डेय का 12 मई को निधन हो गया । उनका अंतिम संस्कार 13 मई को सुबह 10 बजे मुक्तिधाम सरकंडा में किया जाएगा। वे अरुण पाण्डेय पौसरा वाले की पत्नी, राधेलाल पाण्डेय की मंझली बहू, अंशिका एवं वंशिका पाण्डेय की माँ थीं।

### श्रीमती विमुक्ति खरे



**बिलासपुर।** आर्या कॉलोनी तिफरा निवासी श्रीमती विमुक्ति खरे का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 13 मई को सुबह 10:30 बजे सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे मनीष खरे की पत्नी, राकेश खरे, राजेश खरे की बहू और विनय व विक्रम बाकरे की बहन थीं।

## डिप्टी रेंजर के साथ मारपीट करने वालों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध

# आदिवासी युवक से मारपीट मामले में डिप्टी रेंजर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

खुड़यिा वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम भूतकछार नाका के पास डिप्टी रेंजर के साथ मारपीट करने के मामले में तीन आरोपी सहित अन्य के खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है। आदिवासी समाज ने इस कार्रवाई का विरोध करते हुए रिपोर्ट को शून्य किए जाने की मांग की है। वहीं दूसरी ओर एक पुराने मामले में पुलिस ने डिप्टी रेंजर को गिरफ्तार किया है।

- आदिवासी समाज ने युवकों पर एफआईआर का किया विरोध

पुलिस के अनुसार 11 मई के दोपहर ग्राम भूत कछार नाका के पास डिप्टी रेंजर प्रबल दुबे 55 वर्ष पिता शांति स्वरूप दुबे निवासी ग्राम कारी डोंगरी की रिपोर्ट पर तीन मुख्य आरोपी सहित अन्य लोगों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस ने बताया कि 10 मई को डिप्टी रेंजर प्रबल दुबे ड्यूटी से वापस आ रहे थे। इसी समय ग्राम सरगड़ी व भूतकछार नाका के पास आरोपियों ने प्रबल दुबे का रास्ता रोककर शासकीय कार्य में बांधा डालते हुए गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर उनकी जमकर पिटाई कर दी। किसी तरह उन्होंने खुड़िया चौकी पहुंचकर आपबीती सुनाई। चौकी प्रभारी ने घायल डिप्टी रेंजर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाकर उपचार करवाया। दूसरी ओर 11 मई को वनविभाग के अधिकारियों के साथ प्राथी के रिपोर्ट पर मुख्य तीन आरोपी भादुराम 42 वर्ष पिता रतिराम कोलाम, नर्मदा काठले, अशोक सिंदराम, कुंजबिहारी गोड़ सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ भादवि की धारा 186, 353, 294, 323, 506, 341, 34 के तहत अपराध कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।






पुलिस गिरफ्त में डिप्टी रेंजर एवं हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

**आदिवासी समाज ने सौंपा ज्ञापन:** मामले को लेकर आदिवासी समाज ने 12 मई अनुविभागीय अधिकारी पुलिस को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने ज्ञापन में रिपोर्ट को शून्य कराए जाने एवं प्रबल दुबे को गिरफ्तार करने की मांग की है। समाज के लोगों ने आरोप लगाया है कि 4 मई 2024 को सरगढ़ी निवासी विशंभर मरावी के साथ बर्बर तरीके से मारपीट की गई। खुड़िया परिक्षेत्र में डीएफओ मुंगेली के दौरा कार्यक्रम की जानकारी हुई तो आदिवासी समाज के लोग डीएफओ के पास फरार आरोपी प्रबल दुबे की निलंबन हेतु मुलाकात करने गए थे तब स्वयं प्रबल दुबे ने आदिवासी समाज को अपमानित किया था। उन्होंने एफआईआर को शून्य करने में सहयोग करने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि 7 दिन के भीतर कार्रवाई नहीं हुई तो आदिवासी समाज के द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में सर्व आदिवासी समाज के प्रांतीय अध्यक्ष सुभाष परते सहित अन्य शामिल थे।

### विवेचना जारी है

डिप्टी रेंजर के साथ मारपीट करने वाले तीन आरोपी सहित अन्य के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस मामले की विवेचना में जुट गई है। दूसरी ओर पुराने मामले में डिप्टी रेंजर को गिरफ्तार किया गया है।

-**माधुरी धीरही**, एसडीओपी

### एट्रोसिटी का मामला

खुड़यिा वनक्षेत्र अंतर्गत पदस्थ डिप्टी रेंजर प्रबल दुबे को एक्ट्रोसिटी के पुराने मामले में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। एसडीओपी माधुरी धीरही ने बताया कि 2 अप्रैल को ग्राम कारिडोंगरी में बतौर चौकीदार पदस्थ भादुराम 42 वर्ष पिता रतिराम कोलाम ने अजाक थाने में डिप्टी रेंजर प्रबल दुबे 54 वर्ष पिता शांतिस्वरूप दुबे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके साथ जातिगत गाली गलौज कर मारपीट की गई है। मामले की जांच करते हुऐ एसडीओपी माधुरी धीरही ने 26 अप्रैल को धारा 41 (ए) के तहत नोटिस जारी कर 15 दिवस के भीतर जवाब तलब किया था। इस मामले में फरार था। 10 मई को डिप्टी रेंजर के साथ ग्राम भूत कछार में मारपीट होने की सूचना प्राप्त हुई। रविवार को अस्पताल से डिप्टी रेंजर प्रबल दुबे को छुट्टी होते ही हिरासत में लेकर अस्पताल में मुलाहिजा के बाद न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



## श्रीश्री के अवतरण दिवस पर शिविर में 110 यूनिट रक्तदान

**तखतपुर।** श्रीश्री रविशंकर के अवतरण दिवस के उपलक्ष में आर्ट ऑफ लिविंग परिवार तखतपुर द्वारा पूर्णिमा चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 110 यूनिट रक्तदान किया गया।

- श्रीश्री रविशंकर के अवतरण दिवस पर आर्ट ऑफ लिविंग परिवार रक्तदान शिविर का आयोजन

परवेज भारमल ने बताया कि प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक चले शिविर में एक सौ दस यूनिट ब्लड एकत्र किया गया। डॉ क्रांति अग्रवाल ने बताया कि रक्तदान एक पुण्य कार्य है। प्रशिक्षक मनीष सोनी ने कहा कि रक्तदान वस्तुतः जीवन-रक्षक है जो लोगों की मदद करता है। इस दौरान सभी रक्तदाताओं का गमछा, प्रमाण पत्र व वॉटर बॉटल भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आशीर्वाद ब्लड बैंक बिलासपुर के डायरेक्टर केशव बंसल, टेक्निशियनों निशा, निलेश, संतोष का सहयोग रहाद्ध साथ ही पूर्णिमा चिकित्सालय के डॉ अश्विनी गुप्ता, डॉ अपर्णा गुप्ता, नेहा भास्कर, राजेंद्र मेरसा, दुर्गा पाली ने सहयोग दिया। शिविर में आर्ट ऑफ लिविंग के सदस्य मनीष सोनी, ध्रुव नारायण तंबोली, परवेज भारमल, उपेंद्र खुराना, लक्ष्मी नारायण पांडेय, योगेश देवांगन, लक्ष्मी देवांगन, हेमंत साहू, दिलीप तोलानी, डॉ गिरधारी कौशिक, आशुतोष गुप्ता आदि ने विशेष सहयोग दिया।

## क्षेत्र में बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली


हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

क्षेत्र में पिछले दो-तीनों दिनों से मौसम में परिवर्तन आया है। दोपहर में तेज धूप पश्चात शाम में आंधी-तूफान, गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हुई। बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली।

पिछले दो-तीन दिनों से मौसम में लगातार परिवर्तन आ रहा है। तेज गर्मी के पश्चात बादलों की आंख मिचौली के चलते गर्मी व उमस से लोग परेशान हो रहे है। दो दिन पूर्व अक्षय तृतीया की शाम तेज हवा व अंधड़ भी चला। इस दौरान जिले के कुछ हिस्सों में बारिश भी हुई। तापमान में कमी होने के कारण कुछ दिन लोगों को राहत मिली। बीच-बीच में बादल की आंख मिचौली के कारण उमस में वृद्धि हो गई। बादलों की आवाजाही के चलते उमस बढ़ने के कारण पंखा, कूलर काम नहीं कर रहा है। इस दौरान जिले के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश भी हुई। तापमान में कमी होने के कारण कुछ दिन लोगों को राहत मिली। पिछले तीन दिनों से दिन भर तेज धूप फिर बादल और तापमान में परिवर्तन यही देखने को मिल रहा है। आज रविवार को भी दोपहर में तेज धूप पश्चात शाम को 5 बजे से आंधी तूफान, गरज-चमक के साथ बारिश हुई। अचानक हुई बारिश से लोग जहां के तहां रूक गए। बारिश बंद होने के पश्चात उमस से लोग परेशान होते रहे।




### चनाडोंगरी में 33 केवी का टावर गिर जाने से तीन दिनों से तखतपुर विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों में लाइट बंद



**तखतपुर।** तेज हवाओं और बारिश के चलते पिछले तीन दिनों से तखतपुर विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों में लाइट बंद है। वहीं ग्राम चनाडोंगरी में 33 केवी का टावर गिर जाने से आगे जाने वाली विद्युत प्रवाह बंद हो गई है। तरंगित तार टूटकर खेतों में पडी हुई है। गनीमत है टावर गिरने के समय कोई भी आसपस नहीं था। दो दिन पूर्व तखतपुर विधानसभा में आए तेज तूफान और बारिश के कारण बिलासपुर जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग में कई जगह पेड़ गिरे हुए थे। जिसे हटाकर यातायात सामान्य किया गया। वहीं इस तेज आंधी तूफान में ग्राम चनाडोंगरी में 33 केवी का टावर उखड़कर गिर गया। जब टावर गिर रहा था तब तारों से तेज चिंगारियां निकल रही थी।

## गुरूकुल की छात्रा तारणी 10वीं में 94. 5% 12वीं में अर्पिता 88.4 प्रतिशत पाकर उत्तीर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर



माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा 10वीं व 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। उत्तीर्ण छात्र जहां खुशी से फूले नहीं समाए वहीं अनुत्तीर्ण छात्र छात्राओं में मायूसी रही। पर पालकों ने उनका ढांढस बंधाया।

घोषित परीक्षा परिणाम में 10वीं कक्षा से गुरूकुल विद्यालय की छात्रा तारणी कला चतुर्वेदी 94. 5 प्रतिशत, विशाल देवांगन 90 प्रतिशत अंक हासिल किए। 12वीं में अर्पिता गुप्ता 88.4 प्रतिशत, मयंक श्रीवास 83.6 प्रतिशत और कांता पटेल 83 प्रतिशत अंक हासिल किए। 10वीं की परीक्षा में आरके पब्लिक स्कूल बरेला में रूखसार फातिमा 92.16 प्रतिशत, प्रार्थना गुप्ता 86.66 प्रतिशत, अनुग्रह तिवारी 81.16 प्रतिशत, प्रिया साहू 80 प्रतिशत अंक हासिल किए। सेजेस तखतपुर कक्षा 10वीं में प्रथम आशुतोष देवांगन 93 प्रतिशत, अनन्या गुप्ता 82.83 प्रतिशत, आर्या राजपूत 92.33 प्रतिशत अंक हासिल किया। कन्या हाई स्कूल में कक्षा 10वीं में गुंजन साहू 88.8 प्रतिशत, चार्ली ठाकुर 85 प्रतिशत, 12वीं में दिव्या कौशिक 87.4 प्रतिशत हासिल किए। नवजागृति शाला तखतपुर में कक्षा 10वीं में मीनाक्षी कश्यप 93.16 प्रतिशत, आदर्श खाण्डे 89.67 प्रतिशत एवं हर्षित 89 प्रतिशत, 12वीं में चिंटू 84 प्रतिशत, मुस्काल 79 प्रतिशत, जानवी लहरे 77 प्रतिशत अंक हासिल किए।



बालक हाई स्कूल में कक्षा 10वीं में देवेंद्र ठाकुर 82.5 प्रतिशत, द्वितीय शिवम पटेल 79 प्रतिशत, 12वीं में हर्ष संजय देवांगन 90.6 प्रतिशत, कुश यादव 78.4 प्रतिशत अंक हासिल किए। शिशु मंदिर में कक्षा 10वीं में कृति पाण्डेय 87.83 प्रतिशत, द्वितीय दीपिका साहू 87.16 प्रतिशत, 12वीं में नीलम क्षत्री 82 प्रतिशत एवं देवेंद्र कौशिक 79.4 प्रतिशत अंक हासिल किया।

### प्रधान परिवार देगा नकद पुरस्कार

नगर स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा को प्रधान परिवार की ओर से 5 हजार रुपए की नकद राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। यह जानकारी रमेश प्रधान ने दी।

## मदर्स डे पर माताओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

प्रजापिता ब्रह्मा कुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय सुख शांति भवन में मदर्स डे पर माताओं का सम्मान किया गया। संस्था की संचालिका ब्रह्मा कुमारी ममता ने कहा कि भगवान हर जगह जा नहीं सकते इसलिए हर घर में मां को भेजा है। भगवान का दूसरा रूप मां ही है।

- भगवान हर जगह जा नहीं सकते इसलिए हर घर में मां को भेजा



सरला ने कहा कि मां का प्रेम बच्चों के लिए निस्वार्थ होता है। जिसकी तुलना किसी चीज से नहीं की जा सकती। प्रीति हुरा ने कहा कि बच्चा कैसा भी हो मां हमेशा चाहती है कि बच्चा सुखी रहे और मां के आंखों के सामने रहे। परमीत हुरा ने कहा, मां की जरूरत हर समय होती है। केवल एक दिन नहीं, बच्चा जब घर आता है तो सबसे पहले मां को ढूंढता है। कुमारी डिंपी और माधवी ने कविता के माध्यम से सभी का मनोरंजन कराया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विमल जांगड़े, डॉक्टर संध्या कश्यप, अंजुलता गुप्ता, आशा सचदेव, प्रीती हूरा, सरला कारड़ा, पूजा सचदेव, कुमुदिनी धीवर, मीना ठाकुर, श्यामंता धीवर, कांति यादव सहित अनेक माताएं शामिल रही।

### भारत स्काउट्स एवं गाइड ने प्याऊ घर का किया शुभारंभ

**मुंगेली।** भारत स्काउट्स एवं गाइड के जिला संघ द्वारा नगर में प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया। सदर बाजार में जैन मंदिर व कलेक्टोरेट कार्यालय करही में संचालित प्याऊ घर में सेवा देने वाले स्काउट के बच्चों व प्रभारी का सम्मान किया गया। इस अवसर पर उन्हें प्रमाण पत्र वितरण जिला संघ मुंगेली के कोषाध्यक्ष जेठमल कोटड़िया, जिला संगठन आयुक्त सुश्री रोहिणी ठाकुर, श्रीमती कौशल सोनी, राजेंद्र चंदेल के द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि बच्चों के द्वारा सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक सेवा कार्य किया गया। सेवा देने वाले भारत स्काउट गाइड के छात्र कृश कुमार, किशन, सरस्वती, सिंघन, मीनाक्षी, प्रिया सिंह, नितेश चौहान, विनीता डाहिरे, आकांक्षा भास्कर आदि उपस्थित रहे।

## 58 हजार रुपए की 240 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतनपुर

आपरेशन प्रहार के तहत जंगल में शराब बनाकर कर बेचने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 58 हजार रुपए की 240 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जब्त की गई है।

पुलिस के अनुसार एसपी को रतनपुर क्षेत्र के ग्राम कुंआजति में अरपा नदी के किनारे जंगल में भारी मात्रा में कच्ची महुआ शराब बनाने की सूचना मिली। सूचना पर उन्होंने पुलिस अफसरों को कार्रवाई के निर्देश दिए। एसपी के निर्देश पर थाना प्रभारी ने ग्राम कुंआजति के आसपास मुखबिर तैनात किया। सूचना पर ग्राम कुंआजति में अरपा नदी के किनारे बने टापू के जंगल में छापामार कार्रवाई की गई। पुलिस ने ग्राम बिल्लीबंद पोंड़ी थाना कोटा निवासी उमेंदा बाई धनवार के कब्जे से 105 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब व बंधन सिंह धनवार के कब्जे से 140 लीटर कच्ची महुआ शराब, 240 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब, कीमती 58 हजार रुपए को



जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा है। आरोपी थाना कोटा क्षेत्र के हैं जो रतनपुर थाना क्षेत्र में अरपा नदी किनारे बने टापू के जंगल में भारी मात्रा में शराब बनाकर शराब को रतनपुर व कोटा थाना क्षेत्र के गांवों में सप्लाई करते थे। आरोपी नदी में रोज़ सुबह टायर ट्यूब से बने राफ्ट से पार करके रतनपुर थाना क्षेत्र में शराब निर्माण करने आते थे।

## महिलाओं, बच्चों ने राम जानकी मंदिर के पास रचाया गुड्डे-गुड़िया का विवाह

**सरगांव।** हिन्दू धर्म में हर तीज त्यौहार और व्रत का विशेष महत्व है। उन्हीं में से एक अक्षय तृतीया अक्ती का पर्व शुक्रवार को विशेष रूप से मनाया गया। परंपरा अनुसार वार्ड क्रमांक 7 राम जानकी मंदिर के पास महिलाओं, बच्चों ने गुड्डा-गुड्डी का विवाह रचाने की परंपरा का निर्वहन उत्साह के साथ किया। सर्वप्रथम पेपर व कलर पेन से बच्चों ने निमंत्रण कार्ड बनाकर अपने रिश्तेदार, दोस्तों को भेज विवाह में शामिल होने का आग्रह किया। कार्यक्रम में 9 मई को रात्रि चूलमाटी, मेहंदी की रस्म पूरा किया गया।

## शाखा डाकपाल राजेश हुए सम्मानित



**मस्तूरी।** नगर पंचायत मल्हार के शाखा डाकपाल राजेश पांडेय छत्तीसगढ़ के मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल वीणा आर श्रीनिवास के हाथों रायपुर में परिमंडल स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित हुए। परिमंडल के अलग-अलग प्रमुखों जैसे इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक, बचत बैंक, आवर्ती जमा, सुकन्या समृद्धि योजना, ग्रामीण डाक जीवन बीमा, पीपीएफ, टीडी पार्सल सहित अन्य योजनाओं का सन 2024 -25 के उत्कृष्ट डाक कर्मयोगियों का घोषणा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल छत्तीसगढ़ के अलावा निदेशक डाक सेवाएं दिनेश कुमार मिस्त्री, लेखा डाक सहायक के अलावा प्रदेश के सभी संभाग प्रमुख अधीक्षक भी उपस्थित थे। जिसमें बिलासपुर डाक अधीक्षक विनोद प्रसाद, सरगुजा से एचआर साहू, दुर्ग से एचके महावर, बस्तर से आरपी वर्मा, रायगढ़ से एनके राजपूत, रायपुर संभाग से बीएल जांगड़े व संभागीय डाक अध्यक्षकों को भी उत्कृष्ट कार्य करने का प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस अवसर पर मस्तूरी उप डाकघर के अंतर्गत 16 डाकघर में सर्वाधिक खाता खोलकर परिमंडल स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले पोस्ट मास्टर राजेश पांडेय को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बिलासपुर संभाग के उप संभागीय प्रमुखों में बृजनंदन सेन, पंकज मिश्रा, रवि साहू, अनूप गुप्ता, अनिल जगत, पारूल श्रीवास्तव, जीआर देवांगन, पोस्ट मास्टर बिलासपुर दीपक राही आदि मौजूद थे।

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार से अधिकृत होकर इस आम सूचना का प्रकाशन करता हूँ कि मेरे पक्षकार (1) कपिला तनेजा, (2) अतुल तनेजा दोनों के पिता सुभाष चंद्र तनेजा निवासी नेहरू नगर पारिजात एक्सटेंशन बिलासपुर के द्वारा मौजा परसदा प.ह.नं. 23/27, रा.नि.मं. बिलासपुर, तहसील एवं जिला बिलासपुर स्थित भूमि का खसरा नं. 141/16 (शामिल 168/16, 169/15) में से रकबा 1200 वर्गफ़ुट भूमि जिसके मूल भूस्वामी श्रीमती शहनाज ख़ान पति मोहम्मद तारीक निवासी साईं विहार व्यापार विहार बिलासपुर से खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दी जा चुकी है इस बाबत यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है तथा उसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति अमान्य होगी।
सो सूचना जाने।

भवदीय- विष्णु कुमार सोनी
(अधिवक्ता)
ऑफिस- तहसील कार्यालय परिसर
नेहरू चौक बिलासपुर
मो. 7987346500, 8109349748

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना**

क्रमांक /Q/ सीमांकन/रा.नि./2024
बिलासपुर, दिनांक- 03/05/2024

प्रति, 1.आवेदक मेसर्स एस. के. बिल्डर्स एण्ड डेवलपर्स बिलासपुर भागीदार अनिल कंजानी पि. नरेश कुमार कंजांनी आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2. अनिल कंजानी सा बिलासपुर 3. रतीराम/राम कुमार मोती राम सा बिलासपुर 4. रमेश कुमार सा बिलासपुर
विषय:– सीमांकन में उपस्थिति बाबत । एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार
संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार / अति. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q / तह./ना.तह./वा./2024 बिलासपुर, दिनांक 22/06/2024

ग्राम बिजौर प.ह.न. 30 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला–बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 15008 रकबा 1.31 एकड़ हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक मेसर्स एस के बिल्डर्स भागीदार अनित कंजानी निवासी बिलासपुर के द्वारा छ. ग. भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार, अति तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 14/05/2024 को समय 12.00 बजे से किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज़ के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

राजस्व निरीक्षक मोपका बिलासपुर

Narayana Health | MMI — कैंसर केयर
**कैंसर रोग ओपीडी**
आपके शहर बिलासपुर में
डॉ. यशवंत कश्यप
सलाहकार - कैंसर रोग
कैंसर रोग संबंधी सामान्य लक्षण
• मुंह में ना ठीक होने वाले छाले • ब्लड कैंसर
• पेट एवं आंत का कैंसर • स्तन में कैंसर
• स्तन में गांठ होना • फेफड़े का कैंसर
• शरीर में गांठ होना
15 मई 2024, बुधवार | सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक
श्री मंगला हॉस्पिटल, नेहरू नगर, नेहरू रोड, मंगला चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल, लालपुर, रायपुर | 8821 818181

Narayana Health | MMI — यूरो केयर
**मूत्र रोग ओपीडी**
आपके शहर बिलासपुर में
डॉ. वरुण शर्मा
वरिष्ठ सलाहकार - मूत्र रोग
मूत्ररोग संबंधी सामान्य लक्षण
• पेशाब करने में कठिनाई • पेशाब करते समय दर्द या जलन
• मूत्र में रक्त या असामान्य स्राव • बार - बार पेशाब आना
• जननांगों में दर्द • किडनी का कैंसर
• किडनी की पथरी • प्रोस्टेट कैंसर
14 मई 2024, मंगलवार | सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक
रिद्धि डायग्नोस्टिक, कमला कॉम्पलेक्स, नेहरू चौक, बिलासपुर
एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल, लालपुर, रायपुर | 8821 818181

**मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट**
जीवन ज्योति क्लीनिक
डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)
समय : 11 से 3 बजे तक

12 MAY -BSP- pg-6_Layout 1 5/13/2024 12:20 AM Page 1



## शहर की सड़कों पर गड्ढे, लोग परेशान

**बिलासपुर।** शहर के कई सड़के एक बार फिर से धंसने लगी हैं। सड़कों के बीच सीवरेज के खुले चेंबर और नालियों की क्रासिंग के चलते सड़कें धंसने लगी हैं। ऐसे में कई मार्गों में गड्ढे हो गए हैं। ये गड्ढे रात के समय नजर भी नहीं आते हैं। ऐसे में इन सड़कों पर चलने वाले राहगीर परेशान हैं। शिकायतों के बाद भी नगर निगम के अफसर इसे सुधरवाने के लिए ध्यान नहीं दे रहे हैं। ऐसे में आसपास के लोग कहीं ईंटों का घेरा,कही कपड़े को डंडे में फसाकर झंडी तो कहीं पुलिस के बेरिकेट्स को रखकर जान बचाने की कोशिश कर रहे हैं।

### बृहस्पति बाजार: गड्ढे के ऊपर रख दिया बेरिकेड



शहर के मुख्य सब्जी मार्केट में से एक वृहस्पति बाजार के चौराहे पर नाली का चेंबर बीचों-बीच खुला है। ऐसे में इस गड्ढे में कई कार और बाईक सवार फंस कर घायल भी हो चुके हैं। लोगों ने इसकी शिकायत निगम के जोन कार्यलय में भी की, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया। ऐसे में अब इस गड्ढे से लोगों को बचाने इसके बीच पुलिस का बेरिकेट्स रख दिया गया है।

### रिवर व्यू सड़क: चेंबर आधा खुला छोड़ दिया



रिवर व्यू सड़क पर भी बीच में अमृत मिशन के पाइप लाइन डालने के लिए गड्ढा कर दिया गया था। बाद में इसका चेंबर खुला ही छोड़ दिया गया है। ऐसे में इस गड्ढे को कवर करने के लिए आधा स्लेब भी डाला गया है। ऐसे में यहां रोजाना इस गड्ढे से हादसे हो रहे थे। कुछ लोगों ने लोगों को संकेत देने अब इस गड्ढे के पास झाड़ियों के टहनियों को तोड़कर रख दिया ताकि लोगों को गड्ढे का पता चल सके।

### सिम्स तिराहा: गड्ढे पर डस्टबिन का संकेत



रिवर व्यू-गोंड़पारा और सिम्स की तरह से जाने वाले तिराहे के पास भी एक बड़ा सा गड्ढा कर के छोड़ दिया गया है। ऐसे में यहां भी वाहन मोड़कर सिम्स की ओर जाने वाले गिरकर घायल हो रहे हैं। ऐसे में कुछ लोगों ने यहां कचरे का डस्टबिन के साथ ही पुलिस की बेरिकेट से यहां संकेतक देते हुए लोगों को गड्ढे से आगाह कर रहे। इसके बाद भी लोग इस गड्ढे में गिरकर घायल हो रहे हैं।

### गोंड़पारा: सड़क के गड्ढे को बेरिकेड से ढंक दिया



रिवर व्यू से शनिचरी बाजार की ओर जाने वाले गोंड़पारा सड़क पर भी बीचों-बीच बड़ा सा गड्ढा कर दिया गया है। ऐसे में इस गड्ढे के चपेट में कोई वाहन चालक न आए, इसके लिए आसपास के रहने वालों ने पहले चारों ओ पत्थर रखे, इसके बाद भी लोग इस पर गिरने लगे तो पास में ही पुलिस के टूटे बेरीकेड से पूरे गड्ढे को ही ढक दिया गया है।

# अवैध निर्माण की 1200 से अधिक फाइलें तैयार, सब आवासीय, व्यावसायिक एक भी नहीं, आचार संहिता के बाद इनके नियमितीकरण पर होगा फैसला

- जिले में कुल पेंडिंग 5 हजार मामलों में से 4 हजार आवासीय और एक हजार व्यावसायिक मामले
- साढ़े 5 हजार के करीब आवेदनों का निराकरण, प्रशासन को 25 करोड़ का राजस्व भी अभी तक मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नियमितिकरण कराने की आस में इंतजार कर रहे लोगों को राहत मिलती दिख रही है। कुल 1200 से अधिक फाइलें तैयार हों गईं हैं, जो कि आचार संहिता के तुरंत बाद होने वाली प्रशासन की बैठक में रखी जाएंगी। जांच के बाद इन प्रकरणों पर नियमितिकरण का फैसला लिया जाएगा। खास बात है कि पहले आवासीय मामलों का निराकरण होगा उसके बाद ही व्यावसायिक आवेदनों पर ध्यान दिया जाएगा। गौरतलब है कि अभी तक जिले में कुल पेंडिंग 5 हजार मामलों में से 4 हजार आवासीय और एक हजार व्यावसायिक आवेदनों पर सुनवाई नहीं हो सकी है। इस तरह नियमितीकरण के करीब 5 हजार अधिक आवेदन पेंडिंग हो गए हैं। पिछले 6 महीने से जिला प्रशासन की एक बैठक नहीं हो सकी है। पहले पूरा अमला विधानसभा चुनाव में व्यस्त रहा तो अब लोकसभा चुनाव आ गया है।

गौरतलब है कि जिले में साढ़े 5 हजार के करीब आवेदनों का निराकरण करते हुए नियमितीकरण किया जा चुका है। इससे प्रशासन को 25 करोड़ का राजस्व भी मिला है। हालांकि निगम अधिकारियों का अब निगम में एक भी आवेदन पेंडिंग नहीं हैं, सभी आवेदनों को टीएनसीपी (टाउन एंड कंट्री प्लानिंग) भेज दिया गया है।

टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के अधिकारियों का कहना है कि प्रशासन की बैठक का इंतजार है। उसमें नियमितिकरण के लिए आए आवेदनों को रखते हुए निराकरण किया जाएगा। गौरतलब है कि राज्य शासन द्वारा अनधिकृत विकास एवं भवन निर्माण को नियमित करने के लिए भवन नियमितीकरण के लिए मंजूरी दी गई। इसके लिए बाकायदा नोटिफिकेशन जारी किया गया है। इसके तहत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों को नियमित करने के लिए आवेदन मंगाए गए थे। पूर्व में 14 जुलाई 2023 को आवेदन करने की अंतिम तिथि निर्धारित थी।

इसके बाद कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला नियमितीकरण प्राधिकारी ने इसमें वृद्धि करते हुए 12 अगस्त 2023 तक समय वृद्धि की थी। इसके बाद कुल आवेदनों की छंटाई हुई तो बिलासपुर नगरीय निकाय में अनियमित आवासीय एवं गैर आवासीय भवन निर्माण के नियमितीकरण के लिए 10 हजार के करीब आवेदन किए गए थे।



### निगम में शामिल हुए गांवों से आवेदन कम

गौरतलब है कि निगम में शामिल हुए 15 गांवों में 55 हजार रेसीडेंशियल और कमर्शियल प्रापर्टी है, लेकिन निगम इसके मुकाबले नियमितीकरण कराने के लिए आवेदनों की संख्या काफी कम है। यहां ध्यान रहे कि पहले नियमितीकरण की प्रक्रिया कठिन थी, इसे थोड़ा शिथिल कर नया नियम लाया गया है। इसके बाद भी शहरवासी अपने मकानों और दुकानों को नियमित कराने को तैयार नहीं है, इसकी बड़ी वजह लोगों को जानकारी नहीं होना है, जबकि फ्री में नियमित कराने का मौका है।

### आचार संहिता के बाद होगी बैठक

आचार संहिता के बाद प्रशासन की बैठक होनी है। उसमें नियमितिकरण के लिए आए आवेदनों को रखते हुए निराकरण किया जाएगा। अभी तक साढ़े 5 हजार के करीब आवेदनों का निराकरण करते हुए नियमितीकरण किया जा चुका है। इससे राजस्व भी मिला है। शासन के गाइडलाइन के हिसाब से मामलों के निराकरण पर ध्यान दिया जा रहा है। पहले आवासीय मामलों पर फैसला लिया जा रहा है।

**- भानू प्रसाद पटेल,** ज्वाइंट डायरेक्टर टाउन एंड कंट्री प्लानिंग

### 40 हजार से अधिक अवैध निर्माण शहर में

अवैध निर्माणों पर नजर डालें तो इसकी संख्या 40 हजार के पार होगी। इसमें बिना अनुमति निर्माण और नक्शे के खिलाफ निर्माण शामिल है लेकिन यह भी कहा जा रहा है कि पेनाल्टी के डर से कई लोगों अपने मकानों और दुकानों की नियमितीकरण के लिए आवेदन ही नहीं दिया। नियमों-प्रावधानों पर नजर डालें तो 120 वर्ग मीटर यानी 1291 वर्ग फीट तक में बने मकानों का नियमितीकरण के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा है। इसके बाद वर्गफीट और जगह के हिसाब से शुल्क लेते हुए अनियमित निर्माण को नियमित किया जा रहा है। जिनके मकान फ्री में नियमित होंगे, वे लोग भी आवेदन नहीं किए।


### अधिकारियों की लापरवाही लोग हो रहे परेशान

अवैध निर्माण के मामले में निगम और प्रशासन का डंडा कई बार शहरवासियों पर चला है। अब जब लोगों ने नियमों के अनुसार नियमितिकरण के लिए आवेदन किया है तो अधिकारियों की लापरवाही के कारण लोग परेशान हो रहे हैं। ध्यान रहे कि नियमों के विपरीत भवन निर्माण के कारण लोगों को कई तरह की समस्याएं आती थी। यही वजह है कि शासन ने नियमितीकरण के लिए नियम बनाया। इससे शासन को राजस्व मिलने की उम्मीद थी।

शहर की बरसों पुरानी समस्या खत्म होगी, बढ़ते ट्रैफिक से मिलेगी राहत

# पुराने बस स्टैंड के पास 80 फीट तक चौड़ी होगी सड़क, मुखर्जी चौक पर सीधे मिलेगी

10 करोड़ में बनेगा शापिंग काम्प्लेक्स




स्मार्ट सिटी द्वारा तैयार की गई प्लानिंग के अनुसार पुराना बस स्टैंड चौक पर 10 करोड़ की लागत से व्यापारियों के लिए कॉप्लेक्स बनाया जाएगा। इसके लिए ड्राइंग डिजाइन तैयार किया गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- याचिका खारिज होने के बाद सड़क और कांप्लेक्स निर्माण का रास्ता साफ

शहर की बरसों पुरानी पुराने बस स्टैंड के पास अव्यवस्थित ट्रैफिक की समस्या से शहरवासियों को निजात मिलने वाली है। साथ में शहर को एक सुव्यवस्थित चौड़ी सड़क की सौगात मिलने वाली है। हाईकोर्ट में व्यापारियों की याचिका खारिज होने के बाद इमलीपारा सड़क को सीधे श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक में जोड़ने का रास्ता साफ हो गया है। बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 10 करोड़ की लागत से व्यापारियों के लिए कांप्लेक्स और 80 फीट चौड़ी सड़क का निर्माण किया जाएगा। यह काम्पलेक्स इमलीपारा रोड पर बजरंग पान सेंटर के पास बनाया जाएगा। इसके बनने तक निगम द्वारा व्यापारियों को बस स्टैंड के अंदर परिसर में अस्थायी जगह दी जा रही है।

ज्ञात हो कि लगभग 12 साल पहले सत्यम चौक से पुराना बस स्टैंड तक के ट्रैफिक लोड को कम करने के लिए इमलीपारा सड़क का चौड़ीकरण और उन्नयन किया गया था। पुराना बस स्टैंड के पास लेकिन 86 दुकानों के नहीं हटने के कारण चौक के पास सड़क संकरी हो गई है, जिससे इमलीपारा सड़क का उपयोग अपेक्षाकृत वैसा नहीं हो पाता जैसी उम्मीद की गई थी। इस वजह से पुराना बस स्टैंड जाने वाली सड़क का यह वैकल्पिक मार्ग नहीं बन सका था। अब दुकानों की शिफ्टिंग हो जाने से चौड़ी सड़क निर्माण का रास्ता साफ हो जाएगा। सड़क चौड़ीकरण के बाद श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक पर इमलीपारा सड़क सीधे जाकर मिलेगी और इस प्रकार से चौक पर सीधे 6 तरफ से सड़क मिलेगी।



दुकान विस्थापन को लेकर चर्चा करते व्यापारी।

### लिंक रोड पर दबाव होगा कम लोगों को मिलेगी राहत

ज्ञात हो कि टेलिफोन एक्सचेंज रोड और लिंक रोड पर बढ़ते ट्रैफिक के दबाव को कम करने निगम प्रशासन ने 800 मीटर लंबे इमलीपारा रोड का निर्माण कराया, पर बस स्टैंड के नजदीक एप्रोच रोड की चौड़ाई कम होने से ट्रैफिक सुगम करने की कोशिशें सफल नहीं हो पाई। स्टेडियम के पीछे से बस स्टैंड चौराहे तक रोड की चौड़ाई 80 फुट के करीब है, परंतु बस स्टैंड के एप्रोच के पास दुकानों के कारण रोड की चौड़ाई 15 फुट रह गई है। यह दुकानें नगर निगम द्वारा व्यापारियों को इस शर्त पर आबंटित की गई हैं कि जरूरत पड़ने पर उन्हें कभी भी हटाया जा सकता है। बस स्टैंड के पास से इमलीपारा रोड की चौड़ाई कम हो जाने के कारण लिंक रोड का पूरा ट्रैफिक डायवर्ट नहीं हो पा रहा है, इससे रोड निर्माण के उद्देश्य की पूर्ति नहीं हो पा रही है।

### 10 करोड़ में सड़क काम्प्लेक्स बनेगा

इमलीपारा सड़क में सबसे बड़ी बाधा 86 दुकानें थी,जिन्हें हटाने दुकानदार तैयार नहीं थे,जबकि नगर निगम शुरू से इनके विस्थापन की योजना के तहत वहीं सड़क के किनारे कांप्लेक्स बनाने तैयार था। अब हाईकोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड 10 करोड़ की लागत से कांप्लेक्स और सड़क दोनों का निर्माण करेगी। सड़क के बन जाने से यातायात सुगम होगा और जाम से राहत मिलेगी।

### सीधे श्यामाप्रसाद मुखर्जी चौक से जुड़ेगी सड़क

इमलीपारा रोड की चौड़ाई बढ़ाने के बाद इमलीपारा रोड सीधे श्यामाप्रसाद मुखर्जी चौक से जुड़ जाएगा। अभी बस स्टैंड की ओर से आने वालों को उल्टी दिशा से घूम कर तेलीपारा रोड की ओर गलत ढंग से डिवाइडर क्रास कर इमलीपारा रोड पकड़ना पड़ता है। इसी प्रकार बस स्टैंड के गेट के ओर भी एप्रोच रोड की चौड़ाई दुकानों के चलते 15 फुट रह गई है, जिसके कारण बड़े वाहनों को आवाजाही में परेशानी होती है। अंधा मोड़ होने के कारण लिंक रोड का पूरा ट्रैफिक इन्हीं कमियों की वजह से डायवर्ट नहीं हो पा रहा है। इस रोड का इस्तेमाल एप्रोच रोड को चौड़ा करने के बाद बढ़ेगा। रोड पर आवाजाही बढ़ने का फायदा रोड के दोनों ओर रहने वालों को मिलेगा। उनके मकान, दुकान की कीमतें बढ़ेंगी।

### निगम ने की मार्किंग शिफ्टिंग का है इंतजार

नगर निगम ने व्यावसायियों के विस्थापन के लिए पुराने बस स्टैंड परिसर में लगभग 100 स्थानों का लेआउट तैयार किया है। व्यापारियों को अस्थाई जगह देने के लिए उक्त स्थान पर मार्किंग की गई है,जहां स्थाई विस्थापन होने तक व्यापारी आबंटित स्थान पर अपनी व्यवस्था कर व्यावसाय कर सकते हैं। इसके लिए निगम द्वारा मीटिंग करने और लाटरी सिस्टम में भाग लेने के लिए दुकानदारों को बुलाया गया था,पर दुकानदारों के नहीं पहुंचने पर निगम का पूरा अमला ही सूचना देने और सहयोग मांगने सभी दुकान पहुंच गए। बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के एमडी अमित कुमार के मुताबिक दुकानों के शिफ्ट हो जाने के बाद इमलीपारा सड़क का चौड़ीकरण किया जाएगा और कांप्लेक्स बनाया जाएगा। इससे बरसों पुरानी समस्या का समाधान होगा, ट्रैफिक स्मूथ होगा।

# शहर पहुंच रहे बंदरों के झुंड, हमले में दो घायल





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- खाने और पानी की तलाश में घरों में घुस रहे बंदर,रहवासी परेशान

जंगल में अब गर्मी का असर देखने को मिल रहा है। पानी के स्त्रोत सूखने लगे है। दिनोंदिन जंगली क्षेत्र में भोजन-पानी की कमी के कारण अब धीरे-धीरे बंदरों का झुण्ड आबादी की ओर आने लगी है। गर्मी में पानी और भोजन के तलाश में अब शहरी क्षेत्रों में इनके कई दल पहुंच चुके हैं। ऐसे में अब वो कॉलोनियों के छतों के रास्ते घरों के अंतर भी घुसने लगे हैं। अलग-अलग दलों का आपस में भिड़ंत भी हो रही है। ऐसे में कई बार लोगों पर हमला भी कर दे रहे है। रविवार को बेलमुंडी के पास बंदरों ने विजय साहू 42 वर्ष और रामेश्वर साहू 27 वर्ष पर हमला कर दिया। बंदरों से बचने के लिए भागते हुए विजय साहू का पैर टूट गया, वहीं बंदरों के हमले से रामेश्वर साहू घायल हो गया। आसपास के लोगों ने बंदरों को वहां से भगाया इसके बाद दोनों घायल इलाज के लिए सिम्स पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उनका उपचार शुरू किया।

### जंगल में पानी की कमी

गर्मी के मौसम में सूखते जल स्त्रोतों की समस्य से निपटने का प्रयास ही वन विभाग नहीं करता है। वन क्षेत्र में बहने वाली नदी और तालाबों का पानी अब सूखने लगा है। ऐसे में बंदर, चीतल के साथ ही भालू भी आबादी वाले क्षेत्रों में आने लगे हैं। पिछले दिनों एटीआर के जंगल से लगे क्षेत्र में कुत्तों ने जंगल से भटकर आए चीतल को घायल कर दिया था। इसी तरह एक सफेद भालू का भी बच्चा पानी की तलाश में जंगल से आबादी क्षेत्र में आ गया था।

**सरकंडा क्षेत्र में मच्छरों का आतंक :** अरपा पार सरकंडा क्षेत्र में साफ सफाई नहीं होने से मच्छरों का आतंक है। क्षेत्र की नालियां बजबजा रही हैं, वार्ड पार्षद इस ओर ध्यान नहीं दे रहे।

# घर में कीमती सामान नहीं मिला लैपटाप, घड़ी लेकर भागे चोर

**बिलासपुर।** दिनदहाड़े ट्रैक्टर कंपनी के कर्मचारी के सूने मकान का सेंट्रल लाक तोड़कर चोरों ने आराम से पूरा मकान खंगाल डाला। कीमती सामान हाथ नहीं लगने पर लैपटाप, हाथ घड़ी चोरी कर भाग गए। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, कंचन विहार निवासी आयुश सिंह ठाकुर पिता रघुराज सिंह ठाकुर व्यापार विहार में पावरट्रैक ट्रैक्टर कंपनी में काम करते हैं। 11 मई की सुबह 10 बजे घर के दरवाजे का सेंट्रल लाक लगाकर काम पर व्यापार विहार चले गए। इसी दौरान सूने मकान का फायदा उठाते हुए चोरों ने दरवाजे का सेंट्रल लाक तोड़कर आराम से पूरा मकान खंगाल डाला। कीमती सामान हाथ नहीं लगने पर बिस्तर में रखा लैपटाप व टेबल में रखी हाथ घड़ी चोरी कर भाग गए। रात 8.25 बजे श्री ठाकुर ममेरा भाई वंश सिंह चंदेल के साथ घर लौटे तो दरवाजे का सेंट्रल लाक टूटा मिला। घर से लैपटाप व घड़ी चोरी हो गई थी। पुलिस ने श्री सिंह की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ धारा 380, 454 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### रेलवेकर्मी के घर चोरी का सुराग नहीं

10 मई को चेकडेम शारदानंद नगर निवासी रेलवेकर्मी पी. सोम शेखर राव के सूने मकान में चोरों ने सोने की दो अंगूठी, एक जोड़ी पायल व वेगनआर क्रमांक सीजी 10 बीपी, 6523 को चोरी कर लिया गया था। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
आवश्यकता है
यदि आप सुनहरे भविष्य के लिए कुछ करना चाहते हैं तो जुड़े हरिभूमि के साथ ऐसे युवक-युवतियों के लिए जो प्रिंट मीडिया, मार्केटिंग के कार्य क्षेत्र में अपना कैरियर बनाना चाहते हैं। मेहनती, उत्साही, योग्य एवं आकर्षक व्यक्तित्व वाले युवक-युवतियों की।
फील्ड एक्जीक्यूटिव-20 पद
वेतन+ इंसेंटिव, योग्यतानुसार
न्यूनतम योग्यता
♦ 10+2 वीं उत्तीर्ण ♦ अधिकतम आयु 30 वर्ष
♦ उचित निर्णय लेने में सक्षम हो
इच्छुक उम्मीदवार अपने बायोडाटा व पासपोर्ट साईज फोटो के साथ अतिशीघ्र संपर्क करें।
बायोडाटा की अंतिम तिथि 15.05.2024
मिलने का समय 1.00 से 4.00 बजे तक
हरिभूमि रिंगरोड नं. 2, गौरव पथ बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं. 9303508203, 7000789166



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
Since-2007
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411






| Bilaspur To | Zest | Swift | Crysta | Today Offer |
|---|---|---|---|---|
| Raipur Airport | 1499 | 1999 | 2999 | 999 |
| Ambikapur/Sambalpur Bargarh/ Blangir | 3999 | 4999 | 5999 | 1999 |
| Nagpur/Jabalpur Rewa/Katni | 4999 | 5999 | 7999 | 2999 |
| Ranchi/Bhopal Banara/Prayagraj | 9999 | 11999 | 16999 | 5999 |

RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
Scan And Book
9926411411
RAIPUR : Near Raipur Airport , Mana Camp

